'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 47 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए वीरवार, 02 मई 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

# कांग्रेस को गुरुग्राम सीट से हरियाणा का प्रत्याशी भी नहीं मिला : राव इंद्रजीत

## प्रधानमंत्री ने एम्स अन्य बड़ी परियोजनाएं देकर दक्षिण हरियाणा के प्रति अपना प्यार जताया

**समाचार गेट ब्यूरो**

**रेवाड़ी।** कांग्रेस को गुरुग्राम लोकसभा सीट से हरियाणा से प्रत्याशी भी नहीं मिला यह हालात कांग्रेस के हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी का गुरुग्राम सीट पर स्वागत है लड़ने का अधिकार किसी को भी है। गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह बुधवार को बावल क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक गांवों में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं से देश के सुनहेरे भविष्य के लिए केंद्र में भाजपा की सरकार का तीसरी बार बनाने में वोट की आहूति डालने का आह्वान किया। बाबा विधानसभा के गांवों में राव का जोरदार स्वागत किया गया। गांव रालियावास में करीब दो दर्जन तथा गांव कसौला में एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों ने पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत करते हुए उन्हें गत चुनाव की तुलना में इस बार अधिक मतों के अंतर से जिताकर भेजने का भरोसा दिलाया।

राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि वह देश की बड़ी पंचायत में बैठते हैं। राष्ट्रीय विकास की योजनाएं इसी पंचायत अर्थात संसद से चलती है। हालांकि उन्होंने ग्रामीण स्तर पर भी काम कराएं हैं, जिनसे सभी वाकिफ है, लेकिन उनका विशेष काम केंद्र की ऐसी बड़ी योजनाएं लेकर आना होता है, जिसे पूरे क्षेत्र का समग्र विकास कहा जा सकता है। राव ने कहा कि उन्होंने इस क्षेत्र के लोगों के हितों की हमेशा हिमायत लेते हुए उसे जोरदार



ढंग से सरकार के न केवल सामने रखा है, बल्कि उन्हें पक्ष में कराने का प्रयास किया है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र की जनता द्वारा हर चुनाव में उन्हें मिल रहे सहयोग को देखते हुए सरकार ने भी उनकी पैरवी को सही मानते हुए उनका साथ दिया है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण माजरा में बनने जा रहा एम्स है। एम्स के बनने के बाद न केवल लोगों को स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभ मिलेगा, बल्कि लोगों को रोजगार के भी अवसर मिलेंगे। दूर जाकर उपचार कराने में खर्च होने वाली राशि से भी छुटकारा मिलेगा। राव ने कहा कि आरआरटीएस एक बड़ी योजना है, जिसे अगले पांच सालों में वह कंप्लीट करा लेंगे, जो इस क्षेत्र के लोगों के वरदान साबित होगी। इसी प्रकार वह डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर लेकर आए हैं। भाजपा प्रत्याशी ने रेवाड़ी-नारनौल रोड़ को लेकर कहा कि इतना अच्छा रोड़ बन गया है कि वाहन चालकों को बड़ी सुविधा मिल गई है। सफर भी छोटा हो गया है। इसी प्रकार अन्य बाईपास व हाईवे यहां बनवाए गए हैं, ये सब केंद्र की योजना में ही शामिल है, जिनके लिए उन्होंने केंद्र में भारी पैरवी की है। राव ने कहा कि उन्होंने सांसद निधि व अन्य योजनाओं से क्षेत्र के गांवों में भी विकास कार्य कराएं हैं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश की रीढ़ ही है, उन्हें देश की भलाई कौन कर सकता है, इसका बेहत्तर ज्ञान भी है। उन्हें मालूम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विश्व की पांचवी शक्ति में लाकर खड़ा कर दिया है और उनका लक्ष्य तीसरी शक्ति में शामिल कराने का है और इसके लिए हमें पिछली बार से ज्यादा सीटें जिताकर नरेंद्र मोदी को देश की बागडोर देनी होगी।

भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कांग्रेस द्वारा इस सीट से चुनावी समर में उतारे गए सिने अभिनेता राज बब्बर को लेकर कहा कि वह बाहरी उम्मीदवार है, लेकिन मैं आपका हूं और आप मेरे हैं। भाजपा ने गुरूग्राम सीट से उन्हें तीसरी बार टिकट दी है और यह टिकट पार्टी ने इस भरोसे पर दी है कि इस क्षेत्र की जनता का प्यार मेरे साथ है, जो कभी कम नहीं होगा। राव बुधवार को गांव रालियावास, कसोला, मंगलेश्वर नांगली परसापुर, झाबुआ, नांगल तेजू, आनंदपुर, खंडोडा, टांकड़ी, धारण, राजगढ़ सहित अन्य गांवों में सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर हरियाणा में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल, भाजपा के जिला पदाधिकारी सहित विभिन्न गांव के सरपंच, जिला पार्षद व ब्लाक समिति सदस्य उपसथित थे।

# नव-नियुक्त हरियाणा कम्यूनिकेशन कोर्डिनेटर राणा बलजीत चहल ने की कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान के साथ बैठक

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** राणा बलजीत सिंह चहल ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान के साथ लोक सभा के चुनाव के बारे में चर्चा की और राहुल गांधी पांच न्याय गारंटी को घर घर पहुंचाने के लिए विचार चर्चा की और कांग्रेस की मजबूती के लिए,हर एक कार्यकर्ता और युवा शक्ति दिन रात एक करेगी और हरियाणा में कांग्रेस सभी सीटों पर अच्छी परफोर्मेंस करेंगी।



राणा चहल ने प्रेस से साथ बातचीत करते कहा कि हाई कमाड ने जो संदेश दिया उसे राहुल गांधी की पांच न्याय गारंटी को घर घर तक पहुंचाने के लिए युवा शक्ति दिन रात एक करेंगी। हर कार्यकर्ता पार्टी की शानदार जीत के लिऐ कोई कसर नई छोड़ेगा उन्होंने कहा है कि देश की जनता अब धर्म के नाम पर राजनीति करने वालो से तोबा कर चुकी हैं। ऐसे में लोक सभा चुनावों के दौरान देश भर में कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी शक्ति उभरेगी।

उन्होंने ने कहा कि बीजेपी जिस तरह किसानों के साथ वादा करके आई थी कि किसानों को आयु दुगनी करेगी और किसानों को बदले में तीन काले कानून लाई। कांग्रेस सरकार किसानी के मसले हल करने के लिऐ वचन वद हैं पहल के आधार पर किसानों के मसले हल होगे। उन्होंने कहा हैं कांग्रेस का हर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निभायेगा और कांग्रेस की जीत यकीनी होगी

# गुड़गांव के साथ साथ हरियाणा की दस की दस लोकसभा सीट जीतेगा इंडिया गठबंधन : जितेन्द्र कुमार भारद्वाज

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** आज गुड़गांव से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राज बब्बर ने गुड़गांव स्थित प्राचीन माता शीतला मंदिर में दर्शन कर माथा टेक माता का आशीर्वाद लिया इसके पश्चात राज बब्बर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार भारद्वाज जी के गुड़गांव स्थित निवास स्थान पर पहुंचे। जहां पर उपसथित कांग्रेस पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने राज बब्बर का स्वागत किया। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की आज सारे देश एवं प्रदेश में बदलाव की हवा है। आज सारा देश बीजेपी सरकार की गलत नीतियों का शिकार है। देश का युवा बेरोजगार है, देश में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है, आम आदमी मंहगाई से परेशान है। हरियाणा में को भी विकास के कार्य हुए वह केवल हुड्डा सरकार में हुए आज सारा हरियाणा विकास के लिए तरस रहा



है। बीजेपी सरकार ने सिर्फ जुमलो के सिवा विकास का कोई भी कार्य नहीं किया। विकास के नाम पर एक पिलर भी नही लगवाया गया। जो कार्य हुडा साहब छोड़ कर गए थे आज भी वह कार्य वही तक सीमित रह गया है। जनता अब इनके जुमलो को पहचान चुकी है और अब जनता इनके बहकावे में ना आकर वोट की चोट से इनको सत्ता से बाहर करने का काम करेगी इंडिया गठबंधन हरियाणा में गुड़गांव के साथ दस की दस लोकसभा की सीट जीतेगा। देश में इंडिया गठबंधन की एवं प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। गुड़गांव से कांग्रेस(इंडिया गठबंधन) के प्रत्याशी राज बब्बर ने कहा की हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज ने जो कहा है उसके बाद कहने के लिए कुछ भी नही बचा है आज देश इन 10 सालो में काफी पीछे जा चुका है देश का हर वर्ग अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है आज देश की उम्मीद केवल इंडिया गठबंधन से है। आज सारा देश को राहुल गांधी से ही उम्मीद है और हम लोकसभा की सभी को सभी सीट जीतेंगे और एक नए भारत का निर्माण करेंगे जिसमे हर वर्ग को ध्यान में रखकर फैसले लिए जायेंगे। इस अवसर पर पीसीसी मेंबर पंकज भारद्वाज, पीसीसी मेंबर वीर सिंह खटाना, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमित भारद्वाज, कुलराज कटारिया, कुलदीप वशिष्ठ, महावीर बोहरा, राजेश त्रिवेदी, एडवोकेट राहुल राघव, धर्म भारद्वाज, मनीष खटाना सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपसथित थे।

# मुंबई एक्सप्रेसवे से बदलेगी सोहना की सूरत : आरती राव

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी राव इंद्रजीत की बेटी व भाजपा नेत्री आरती राव ने कहा है कि मुंबई एक्सप्रेसवे व ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर से सोहना की सूरत बदलने जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने हमेशा सोहना क्षेत्र के विकास की पहली की है। 1 लाख करोड़ से बनने वाला मुंबई एक्सप्रेसवे, 6000 करोड़ की लागत से बनने वाला पलवल-सोहना-मानेसर ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर सोहना के आसपास के किसानों को लाभ होगा और यहां औद्योगिक विकास की रफ्तार बढ़ेगी। यह विचार व्यक्त करते हुए आरती राव ने बुधवार को सोहना क्षेत्र के दर्जन भर गांव का दौरा कर 25 मई को कमल के बटन दबाकर अपने पिता के पक्ष में वोट की अपील की।

भाजपा नेत्री और हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य आरती सिंह राव ने जनसंपर्क के क्रम में सोहना विधानसभा के विभिन्न गाँव सांचौली, सिलानी, हाजीपुर, खुटपुरी, बिलाका, जोलाका, घंघोला, सिरमथला, लोह सिंघानी, चमनपुरा, कुलियाका एवं सतलाका के कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर राव के लिये जनता का आशीर्वाद और समर्थन माँगा। उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण उपलबधियों का भी उल्लेख किया।



इस लोकसभा चुनाव को अहम बताते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव भारत के भविष्य का चुनाव है। प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प 2047 तक भारत को विकसित बनाने का है। पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तेज़ी से विकास हुआ है। विकास के इस रफ्तार को जारी रखने के लिए ज़रूरी है कि एक बार फिर आप भाजपा को जीताकर केंद्र में मोदी सरकार बनाने में अपना सहयोग करें।

# गुड़गांव को अपनी विरासत समझने वालों को हटाकर बदलाव के लिए युवा जेजेपी प्रत्याशी का साथ दें : दुष्यंत चौटाला

## विशाल जनसभा व रोड शो करके दुष्यंत चौटाला और दिग्विजय ने फाजिलपुरिया का भरवाया नामांकन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि राष्ट्रीय पार्टियों के लोग गुड़गांव लोकसभा को अपनी विरासत समझते है इसलिए जितना विकास गुड़गांव का होना चाहिए था, उतना विकास नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि गुड़गांव से इन विरासतों को हटाने का सुनहरा अवसर आ गया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गुड़गांव में बदलाव लाने के लिए क्षेत्रीय लोग युवा जेजेपी प्रत्याशी राहुल यादव फाजिलपुरिया का साथ दें ताकि गुड़गांव को नया युवा नेतृत्व मिले। वे बुधवार को गुरुग्राम में जेजेपी लोकसभा उम्मीदवार द्वारा आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मात्र 22 दिन चुनाव प्रचार के बचे है, इन तीन हफ्तों में पार्टी कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत करके गुड़गांव में बदलाव लाने में अपना अहम योगदान दें। जनसभा के उपरांत दुष्यंत चौटाला और दिग्विजय चौटाला की मौजूदगी में विशाल रोड शो करके राहुल यादव फाजिलपुरिया ने अपना नामांकन पत्र भरा।

भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पिछले 20 सालों से कांग्रेस और बीजेपी के सांसद गुड़गांव लोकसभा में रहे है लेकिन कभी दोनों पार्टियों के सांसदों ने क्षेत्र के लोगों की आवाज संसद में नहीं उठाई। उन्होंने कहा कि गुड़गांव में जेजेपी द्वारा युवा उम्मीदवार उतारने से स्थानीय लोगों में उत्साह है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि युवा सांसद होने से गुड़गांव ही नहीं बल्कि प्रदेश की तरक्की भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि राहुल फाजिलपुरिया ने अपनी मेहनत के दम पर हरियाणा व गुड़गांव का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार चुनाव में जनता को भ्रमित करके वापस चले जाएंगे लेकिन राहुल फाजिलपुरिया आपके अपने है, वे सदैव आपके बीच में रहेंगे।

जेजेपी प्रधान महासचिव दिगविजय सिंह चौटाला ने भी स्थानीय लोगों से जेजेपी प्रत्याशी राहुल फाजिलपुरिया को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज गुड़गांव को युवा सशक्त सांसद की जरूरत है इसलिए युवा फाजिलपुरिया को सांसद बनाकर संसद भेजे। जेजेपी प्रत्याशी राहुल यादव फाजिलपुरिया ने कहा कि गुरुग्राम में बदलाव लाना उनका मकसद है और जो नेता यहां से सांसद बनकर घर बैठा हैं, उसे बदलने का समय आ गया है। उन्होंने गुड़गांव की जनता को विश्वास दिलाया कि वे सांसद बनने के बाद क्षेत्र के हक के लिए देश की सबसे बड़ी पंचायत में आवाज बुलंद करेंगे। इस अवसर पर गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के तीनों जिलाध्यक्ष, महिला जिलाध्यक्ष, महिला कार्यकर्ता, तीनों जिलों के सभी हल्का अध्यक्ष, प्रमुख पदाधिकारी और हजारों की तादात में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# देश को तोड़ने के कांग्रेसी सपने को भाजपा पूरा नहीं होने देगी : धनखड़

**दिल्ली प्रभारी औमप्रकाश धनखड़ ने कराया मनोज तिवारी का नामांकन**

**पूर्वी दिल्ली सीट से भाजपा प्रत्याशी हैं मनोज तिवारी**

**पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार की देश विरोधी विचारधारा को पूरा देश जानता है बोले धनखड़**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं दिल्ली प्रदेश प्रभारी औमप्रकाश धनखड़ ने बुधवार को पूर्वी दिल्ली सीट से पार्टी प्रत्याशी मनोज तिवारी का नामांकन कराया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को बतौर मुख्य वक्ता केंद्रीय मंत्री रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने मनोज तिवारी को बड़े बहुमत से जिताने का आह्वान किया। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सह प्रभारी डॉ अलका गुर्जर सहित जोश व उत्साह के साथ उमड़े जनसैलाब के नारों के बीच मनोज तिवारी ने अपना नामांकन दाखिल किया ।

धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस लोगों को धर्म और जाति के नाम पर आपस में लड़ाकर देश के टुकड़े टुकड़े करना चाहती है। भाजपा किसी भी कीमत पर कांग्रेस की इस बुरी मंशा को कभी पूरा नहीं होने देगी। पीएम मोदी ने बार बार दोहराया है कि आरक्षण को खत्म नही किया जा सकता और न ही बाबा साहेब का संविधान बदला जा सकता है। कांग्रेस अफवाह फैलाकर समाज को आरक्षण के नाम पर आपस में लड़ाना चाहती है। धर्म के नाम पर भावनाएं भड़का रही है। देश के टुकड़े टुकड़े करने की बात कहने वालों को कांग्रेस टिकट दे रही है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नही हैं। इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा चुनाव के दौरान संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने जैसी अफवाह फैलाई जा रही हैं। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस ऐसी अफवाह फैलाकर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान कर रही है। हमारा संकल्प पत्र और पार्टी की नीति है कि सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास। भाजपा देश को धर्म और जाति के आधार पर बांटने वालों के मंसूबे कभी पूरे नहीं होने देगी।

दिल्ली प्रभारी श्री धनखड़ ने पार्टी प्रत्याशी मनोज तिवारी को पूर्वी दिल्ली से ऐतिहासिक जीत की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली के मतदाताओं को अपने लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अडिग भरोसा है । देश की जनता के साथ दिल्ली के लोग भी लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जनमत के साथ मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुके हैं। दिल्ली प्रदेश की सातों सीटों पर भाजपा बड़े बहुमत के साथ जीत रही है। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के भ्रष्ट गठबंधन को सिरे से नकार दिया है। दिल्ली के समझदार मतदाता मोदी के कुशल व सशक्त नेतृत्व में देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता हुआ देखना चाहते हैं।

राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में जेल में बंद आप के नेताओ पर कौन भरोसा करेगा,जो कांग्रेस के भ्रष्ट तंत्र को खत्म करने के लिए राजनीति में आए और पार्टी बनाई , लोगों ने विश्वास किया था। दिल्ली और देश की जनता दिल्ली की भ्रष्ट सरकार पर कैसे विश्वास करेगी। दूसरी तरफ पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

# 24 पूर्व पार्षदों ने थामा कांग्रेस का दामन



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस में जॉइनिंग का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा ने 24 पूर्व पार्षदों को कांग्रेस में शामिल करवाया। सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस का दामन थामा। दोनों ने नेताओं ने पूर्व पार्षदों का पार्टी में हार्दिक स्वागत किया और उन्हें पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया।

आज पूर्व अशोक शर्मा (प्रेजिडेंट म्युनिसिपल कॉरपोरेशन, जगाधरी), कश्मीरी लाल मल्होत्रा (प्रेजिडेंट म्युनिसिपल कॉरपोरेशन, जगाधरी), संगीता अग्रवाल (प्रेजिडेंट म्युनिसिपल कॉरपोरेशन, यमुनानगर), पूर्व पार्षद जगदीश उर्फ बल्लू, सरवन कुमार, ललित कुमार, राजेश राठौर, प्रदीप, सुनीता मल्होत्रा, राज दुलारी, सोमनाथ कपूर, हरविंदर सिंह भाटिया, महेंद्र कंबोज, नरेंद्र धीमान, रतनलाल सैनी, आनंद राव बंटी, रामनाथ धीमान, सत पाल, अमर सिंह बिल्ला, हरजिंदर कौर और पूनम रानी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सभी ने पूरी मेहनत और तत्परता के साथ कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए चुनाव में युद्ध स्तर पर कार्य करने का भरोसा दिलाया।

# संत दर्शन हमारे लिए तीर्थ दर्शन होते हैं : मनोहर लाल



समाचार गेट ब्यूरो

**पिल्लूखेड़ा।** जींद के पिल्लू खेड़ा के गांव भूराण में संत शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि संतो के दर्शन हमारे लिए तीर्थ दर्शन की तरह होते हैं। संतों का स्मरण करने मात्र से आदर के भाव जागृत होते हैं। संतों के जीवन में 12 महीने ही बसंत होता है, हम जब भी उन्हें याद करते हैं उनकी अच्छी बातें सामने आती है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी संस्कारित बनें इसके लिए भाजपा सरकार ने संतों, महापुरूषों की जयंतियां मनाने की परम्परा को शुरू किया है। मनोहर लाल ने संत धन्ना भगत जयंती की पूरे समाज को बधाई दी। चुनावी समय होने के कारण मनोहर लाल ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई, वहीं कांग्रेस पर एक के बाद एक करारे हमले बोले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र धर्म का निवर्हन करते हुए देश को आगे बढ़ा रहे हैं, वहीं राहुल गांधी अपनी दादी के गरीबी हटाओ के नारे को साथ लेकर आगे बढ़ने की परम्परा को ढो रहे हैं। कांग्रेस का मकसद गरीबी को साथ लेकर चलते रहना है, ताकि वोट बैंक बना रहे।

मनोहर लाल ने कहा कि हम धर्म और संस्कारों की बातें करते हैं, तो कांग्रेस को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि हमारा धर्म है कि भौतिक सुख-सुविधाओं के साथ-साथ व्यक्तत्वि निर्माण भी करें। अगर हमने व्यक्तत्वि निर्माण नहीं किया तो सारा का सारा भौतिक निर्माण बेकार है। विपक्ष की सरकारों ने लोगों को अच्छा नागरिक बनाने व संस्कारित करने का काम नहीं किया। कांग्रेस का मकसद सिर्फ एक ही होता है वोट बैंक बनाना, जबकि भाजपा का लक्ष्य लोगों को संस्कार देकर अच्छा नागरिक बनाना है। कांग्रेस को निशाना पर लेते हुए मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस ने लोगों को धार्मिक बातों से सदा दूर रखा है।

पूर्व सीएम ने कहा कि हमारा राजनीतिक धर्म संविधान है। संविधान के अनुरूप हम राजनीति कर रहे हैं, लेकिन राजनीति के साथ-साथ संतों-महापुरूषों के बताए मार्ग पर चलना भी हमारा धर्म है। मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र धर्म को सामने रखा और कितने ही ऐसे काम कर दिए जिससे देश की एकता और अखंडता बरकरार रही। कांग्रेस द्वारा लगाई गई धारा 370 को तोड़कर प्रधानमंत्री मोदी ने देश को मजबूती दी है। मनोहर लाल ने कहा कि देश में इस तरह का माहौल बन गया था कि नॉर्थ ईस्ट के लोग अलग होने की बातें करते थे। प्रधानमंत्री मोदी ने बार-बार नॉर्थ ईस्ट जाकर लोगों के मन को बदला। नक्सलवाद और आतंकवाद का सफाया किया। आज नॉर्थ ईस्ट के आठों प्रदेशों में भाजपा की सरकार है। कांग्रेस के पैर अब वहां जमने नहीं दिए जाएंगे। बिहार से केरल तक बीचों-बीच नक्सलवाद की गैलरी को खत्म किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश की एकता और अखंडता को बनाए रखना ही मोदी के 10 सालों के शासन का परिणाम है।

मनोहर लाल ने कहा कि समाज को महापुरूषों की जीवनी के साथ जोड़ना ही हमारा मुख्य काम है। जबकि कांग्रेस ने समाज को बांटने का काम किया है। उन्होंने लोगों को जागृत करते हुए कहा कि अब चुनाव का समय है कांग्रेस के लोग गुमराह करने आएंगे इनके झांसे में नहीं आना है। मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों को ओबीसी वर्ग में आरक्षण देना चाहती है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने भी कह दिया है कि धर्म के हिसाब से आरक्षण नहीं देने दिया जाएगा। भाजपा का लक्ष्य पिछड़ों और गरीबों को संरक्षण देना है। हम आरक्षण को किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होने देंगे। मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस के लोगों की हताशा बढ़ती जा रही है। कांग्रेस की हताशा का सबसे बड़ा कारण हार का डर भी है। मोदी सरकार की 10 साल की उपलतिब्धयां भी कांग्रेस के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है, क्योंकि कांग्रेस को पता है जो काम वो 50 साल के शासन में नहीं कर पाए वह काम मोदी सरकार ने 10 सालों में करके दिखा दिया है। पूर्व सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 सालों में गरीबों के लिए मकान दिया और उस मकान में शौचालय बनावाया, पानी का कनेक्शन दिया तथा गैस दी। अगर गरीब व्यक्ति बीमार हो जाता है तो उसके ईलाज के लिए 5 लाख रुपये तक का बीमा दिया। मनोहर लाल ने उपर्सथित लोगों से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए 10 के 10 कमल खिलाकर दिल्ली भेजें और मोदी जी के हाथ मजबूत करें। मनोहर लाल ने कहा अब कांग्रेस का कोई जनाधार नहीं रहा है। देश और प्रदेश के लोग तीसरी बार मोदी सरकार बनाने जा रहे हैं। उन्होंने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि अबकी बार 400 पार का संकल्प आप सभी लोगों को पूरा करना है।

# भाजपा को लगा झटका, निवर्तमान पार्षद पंकज चोचडा भाजपा छोड़ कांग्रेस में हुए शामिल



**पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान तथा पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने पंकज शर्मा को किया कांग्रेस में शामिल।**

समाचार गेट ब्यूरो

**कुरुक्षेत्र, 1 मई।** बुधवार को भाजपा को उस समय गहरा झटका लगा जब नगर परिषद थानेसर के वार्ड 28 के निवर्तमान पार्षद पंकज शर्मा चोचडा ने अपने समर्थकों सहित भाजपा छोडक़र कांग्रेस में शामिल हाने की घोषणा की। कर्ण लेक पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान तथा पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने उन्हे पटका पहनाकर विधिवत रूप से कांग्रेस में शामिल करवाया। कांग्रेस के तीनों नेताओं ने कहा कि पंकज शर्मा के पार्टी में शामिल होने से थानेसर में कांग्रेस ओर अधिक मजबूत हुई है। पंकज शर्मा को पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि पंकज शर्मा का ब्राह्मण बिरादरी में ही नही बल्कि समाज के सभी वर्गों में काफी प्रभाव है। जिसका लोकसभा ओर आने वाले विस चुनाव में कांग्रेस को काफी लाभ होगा। पंकज शर्मा चोचड़ा ने कहा कि वे कांग्रेस और पूर्व मँत्री अशोक अरोड़ा की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। पार्टी उन्हे जो भी जिम्मेवारी सौंपेगी वे उसे बाखूबी निभाएंगें।

इस अवसर पर इंप्रुवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, पूर्व पार्षद नरेंद्र शर्मा निंदी, पूर्व पार्षद मनु जैन, पूर्व पार्षद पवन चौधरी, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश ओपी, पूर्व पार्षद सोहन चौधरी, कांग्रेस नेता सुभाष पाली, विवेक भारद्वाज डब्बू, कांग्रेस नेता दीपक पाराशर एडवोकेट, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव हिमांशु अरोड़ा हन्नी, युवा कांग्रेस के हल्का प्रधान ईशान शर्मा, सौरभ गर्ग व नीतिन मैहता सहित अनेक कांग्रेसियों ने पंकज शर्मा चोचडा के कांग्रेस में शामिल होने का स्वागत करते हुए इनके पार्टी में आने से कांग्रेस ओर अधिक मजबूत होगी।

# करप्शनपाल को नही है एनआईटी विधानसभा में वोट मांगने का अधिकार : नीरज शर्मा विधायक



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़/फरीदाबाद, 01 मई।** आज दिनांक 01 मई 2024 को एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने एनआईटी विधानसभा के गांव पाली में काग्रेंस प्रत्याशी श्री महेन्द्र प्रताप सिंह के समर्थन आयोजित जनसभा को सबोधित करते हुए विधायक नीरज शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी पर जमकर हमला बोला। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि एनआईटी विधानसभा के कार्यो को इस भाजपा के प्रत्याशी करप्शनपाल ने नही होने दिया।

विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि जब मुझे पता चला कि दिल्ली मुम्बई हाईवे का निर्माण हो रहा है और सरकार का नियम है कि अगर दो नेशनल हाईवे के बीच में 30 किलो से कम की दूरी हो तो उसको भी नेशनल हाईवे बना दिया जाता है। इसी को ध्यान में रखकर मैने बल्लभगढ पाली सोहना रोड को एनएच 44 को जोडने के लिए नितिन गडकरी से 3 बार मुलाकत की थी और भाजपा के सासंद को इस बारे बताया लेकिन सिर्फ इस भाजपा के प्रत्याशी करप्शनपाल ने यह काम नही होने दिया।

विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि मुझे विधानसभा में पता चला कि फरीदाबाद में खेल परिसर-मिनी स्टेडियम खोल जा रहे है लेकिन सभी पुल के दूसरी तरफ खुल रहे है इसको लेकर मैने फरीदाबाद के सासंद के पास गया था कि एनआईटी विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र मे खेल परिसर-मिनी स्टेडियम खोला जाए लेकिन कोई कार्यवाही नही की गई। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि विधायक बनने के बाद वर्ष 2019 से मै लगातार बल्लभगढ सोहना टोल की जर्जर हालत की आवाज उठा रहा हूँ जनता को बताए भाजपा के प्रत्याशी करप्शनपाल क्यो चुप बैठे रहे। विधायक नीरज शर्मा ने जनसभा में कहा कि भाजपा के प्रत्याशी करप्शनपाल ने एनआईटी विधानसभा के लोगो से सिर्फ घृणा करने का काम किया है। गांव पाली में उमड़े जन सैलाब ने यह साबित कर दिया कि इस चुनाव में जनता फरीदाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने का काम करेंगी।

# सलवान पब्लिक स्कूल, सेक्टर 15, गुरुग्राम में साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरूग्राम, 1 मई।** बढ़ती साइबर धोखाधड़ी को देखते हुए और गुरुग्राम के छात्रों और अभिभावकों को साइबर सुरक्षित बनाने की अपनी पहल के तहत, गुरुग्राम साइबर पुलिस ने साइबर सुरक्षा संगठन के साथ मिलकर बुधवार को सलवान पर्बलिक स्कूल सेक्टर-15, गुरुग्राम में साइबर जागरूकता सत्र आयोजित किया। एसीपी श्री. प्रियांशु दीवान ने सत्र का नेतृत्व किया और सीएसओ टीम के साथ 500 से अधिक छात्रों को इस टॉपिक पर जागरूक किया.

सत्र का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के बीच ऑनलाइन दुनिया में विभिन्न साइबर धोखाधड़ी/घोटालों के प्रति सचेत रहने के लिए जागरूकता पैदा करना था। ट्रेंडिंग साइबर अपराध और उनके तौर-तरीके जैसे वर्क फ्रॉम होम जॉब धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग, निवेश आधारित धोखाधड़ी, नकली डीपी, क्यूआर कोड घोटाले, रक्षा व्यक्तिगत पहचान का दुरुपयोग करने वाले ओएलएक्स धोखाधड़ी और सोशल मीडिया और कॉल का उपयोग करने वाले अन्य धोखाधड़ी को पहचानने के लिए सुरक्षा युक्तियों के साथ समझाया गया और सुरक्षित रहने के तरीके बताये गये.

एसीपी श्री प्रियांशु दीवान के साथ-साथ साइबर जागरूकता और सुरक्षा टिप्स देने वाले अन्य उल्लेखनीय वक्ताओं में सीएसओ राज कुमार यादव, वेदांत कौशल, अरुण जेटली और साहिल सैनी शामिल थे।

टीम ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि किसी भी साइबर अपराध पीड़ति को तुरंत डायल 1930 पर कॉल करना चाहिए या www.cybercrime.gov.in या निकटतम साइबर पुलिस स्टेशन पर शिकायत दर्ज करनी चाहिए।

स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती रश्मी मलिक ने फैकल्टी के साथ इस पहल की सराहना की और गुरुग्राम साइबर पुलिस और सीएसओ टीम का आभार व्यक्त किया।

# गर्मियों में ऐसे करें अपनी स्किन की देखभाल

**समाचार गेट/दीपिका**

**नई दिल्ली।** गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। आने वाले कुछ दिनों में तेज धूप के साथ लू भी चलने लगेगी। ऐसे मौसम में त्वचा की देखभाल की बहुत जरूरत पड़ती है। गर्मियों के मौसम में हर कोई अपनी स्किन की देखभाल के लिए परेशान रहता है। गर्मियों में स्किन को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए खूब ज्यादा पानी पिये। एक व्यक्ति को एक दिन में कम से कम 6 से 7 लीटर पानी पीना चाइए। पानी त्वचा पर ग्लो भी बढ़ाता है, और इससे आपकी त्वचा हाइड्रेट भी रहेगी। इस मौसम में त्वचा को चमकरदार और ग्लौइंग रखना एक बहुत बड़ा टास्क होता है।



गर्मियों में पसीने के साथ धूल-मिट्टी भी आती है जो स्किन को डल कर देती है। ऐसे में जब भी घर से बाहर निकले अपने चेहरे को कवर करके बाहर जाए। गर्मियों में कहीं भी बाहर से आने के बाद अपने चेहरे को सबसे पहले ठंडे पानी से धोए। अपनी स्किन को और ग्लोइंग बनाने के लिए कम से कम हफ्ते में तीन दिन स्क्रब जरूर करें। इससे चेहरे से गंदगी और धूल मिट्टी जाती है और चेहरे की चमक बनी रहेगी। गर्मियों मे जब भी कड़ी धूप मे बाहर जाए तो अपने चेहरे पर सनस्क्रीन जरूर लगाए। सनस्क्रीन हमारे चेहरे को धूप से बचाएगी और स्किन को डल होने से बचाती है। गर्मियों में हरी पत्तेदार सब्जी खानी चाहिए। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होती, साथ ही शरीर को जरूरी सभी पोषक तत्व मिलते और स्किन भी चमकदार रहती है।

शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए आप मौसमी फलों जैसे अंगूर, तरबूज, आम, संतरा का सेवन कर सकते हैं. इन मौसमी फलों में भरपूर मात्रा में पानी मौजूद होता है। जिससे त्वचा की चमक बनी रहती है। कई बार हम बिना सामग्री की जांच किए ही केमिकल युक्त उत्पादों का इस्तेमाल कर लेते हैं. इन उत्पादों के लगातार इस्तेमाल से त्वचा को काफी नुकसान पहुंचता है। इनकी जगह प्राकृतिक विकल्पों का इस्तेमाल करना चाहिए।

# चुनाव आयोग ने जारी किया वोटिंग डेटा

**समाचार गेट/दीपिका**

**नई दिल्ली।** सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनावों में 19 अप्रैल को पहले चरण में 66.14 फीसदी मतदान हुआ। वही दूसरे चरण में 66.71 फीसदी मतदान हुआ था। चुनाव आयोग ने इतने दिनों बाद 30 अप्रैल को वोटिंग डेटा जारी किया। हालांकि अब तक दो चरणों मे हुआ मतदान 2019 के मुक़ाबले कम रहा है। चुनाव आयोग ने बताया कि दोनों चरणों के मतदान में महिलाओ ने कम वोट डाली है। पहले चरण में 66.22 फीसदी पुरुष, 66.07 प्रतिशत महिला और 31.32 फीसदी थर्ड जेंडर ने वोट डाले। इसी तरह से दूसरे चरण के लिए 66.99 फीसदी पुरुष, 66.42 महिला और 23.86 फीसदी थर्ड जेंडर ने वोट डाले। लोकभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यो की 102 लोकसभा सीटों पर मतदान हुए। जिसमे टॉप-3 में लक्षदीप, पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा रहे। जिसमे लक्षदीप में 84.16, पश्चिम बंगाल में 81.91 और त्रिपुरा में 81.48 फीसदी मतदान हुआ। सबसे कम मतदान उत्तराखंड, बिहार और मिजोरम में हुआ। जिसमे उत्तराखंड में 57.22, बिहार में 49.26 और मिजोरम में 56.87 फीसदी वोट पड़े। लेकिन पहले चरण में 102 लोकसभा सीटों पर 43 सीट ऐसी



रहीं, जहां महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले अधिक मतदान किया। इनमें अरुणाचल प्रदेश,असम, बिहार की एक सीट जमुई, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश की एक सीट बालाघाट, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश की एक सीट नगीना, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल की 43 सीटों पर महिलाओं ने अधिक वोट डाले। इसी तरह से दूसरे चरण के लिए हुए मतदान में सबसे अधिक वोट के मामले में टॉप-3 राज्यों में मणिपुर, असम और त्रिपुरा रहे। सबसे कम वोट उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार में पड़ी। यहां क्रमश: 55.19, 58.59 और 59.45 फीसदी मतदान हुआ। 13 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान में इस चरण में भी ओवरऑल महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले कम वोट डाले। लेकिन इन 88 सीटों में 31 सीट ऐसी रहीं, जहां महिलाओं ने पुरुषों से कहीं अधिक वोट डाले।

# असम राइफल्स ने भारत-म्यांमार सीमा के समीप भारी मात्रा में गोला- बारूद बरामद किया

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** असम राइफल्स ने 2024 के 29 अप्रैल को नागालैंड के मोन जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास कार्रवाई की, जिसमें भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री जब्त की गई। तलाशी के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा गया और इसमें 11 मोर्टार ट्यूब (81 मिमी), 04 ट्यूब (106 मिमी), 10 पिस्तौल, 198 हैंड हेल्ड रेडियो सेट, एक सैटेलाइट फोन, एक केनबो बाइक, एक बोलेरो वाहन, और अन्य युद्ध सामग्री शामिल थी। सीमावर्ती क्षेत्र के समीप भारी क्षमता वाले इन सैन्य ग्रेड हथियारों की बरामदगी असम राइफल्स द्वारा चलाए जा रहे सीमा सीलिंग ऑपरेशन के लिए बड़ी सफलता है। यह बरामदगी क्षेत्र में शांति भंग करने की कोशिशों में जुटे शत्रु तत्वों के नापाक मंसूबों के लिए भी बड़ा आघात है। सैन्य ग्रेड के हथियारों और लगभग 200 हैंड हेल्ड रेडियो सेटों की बरामदगी से इन हथियारों के गलत लक्ष्यों और क्षति की सीमा का संकेत मिलता है। पकड़ा गया व्यक्ति और बरामद सामान नागालैंड पुलिस के हवाले कर दिया गया है। असम राइफल्स के चौकस जवानों ने राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर सुरक्षा स्थिति उत्पन्न करने के गैरकानूनी तत्वों के मंसूबों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया है।



# टीवी की अनुपमा हुई बीजेपी में शामिल





**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस रुपाली गांगुली ने पॉलिटिक्स की ओर अपने कदम बढ़ा लिए है। रूपाली ने भारतीय जनता पार्टी जॉइन कर ली है। अब वो एक्टिंग के साथ-साथ राजनीति में भी दिखेंगी। रुपाली फिलहाल अनुपमा सीरियल से टीवी इंडस्ट्री पर राज कर रही हैं। एक्ट्रेस की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है, लेकिन वो खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ़ैन बताती हैं। रुपाली के साथ ही फिल्म डायरेक्टर अमय जोशी ने भी बीजेपी का दामन थाम लिया है। अमय ने कई मराठी फिल्में डायरेक्ट की हैं। दिल्ली हेडक्वार्टर में रुपाली ने तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के तहत बीजेपी पार्टी की सदस्यता ली। बीजेपी जनरल सेक्रेटरी विनोद तावड़े और नेशनल मीडिया डिपार्टमेंट इंचार्ज अनिल बलूनी ने रुपाली को सदस्यता दिलाई। एक्ट्रेस ने इस मौके पर कहा- मैंने जब इस विकास के महायज्ञ को देखा तो मुझे महसूस हुआ कि मुझे मुझे भी इसमें हिस्सा लेना चाहिए। मुझे आप सबके आशीर्वाद और साथ की जरूरत है। बस जो भी मैं करूं वो सही हो और अच्छा हो।

**पीएम मोदी की फैन है अनुपमा**

रुपाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी फैन हैं. वो कई बार इस पर बात भी कर चुकी है। कुछ वक्त पहले ही रुपाली ने पीएम मोदी से मुलाकात भी की थी। इंडिया टुडे से बातचीत में रुपाली ने अपने एक्सपीरियंस को भी शेयर किया था। रुपाली ने कहा था- मेरे लिए, मेरे प्रधानमंत्री मेरे प्रधानमंत्री एक स्टार हैं, जो देश को एक नई ऊंचाई पर लेकर आए हैं। आज मैं गर्व से कह सकती हूं कि मैं मोदी जी के देश से हूं, वो मेरे हीरो हैं। जब मुझे वोकल फॉर लोकल मुहीम का हिस्सा बनने का मौका मिला तो मैं बहुत थ्रिल्ड थी। जिस चीज में उनका इतना गहरा विश्वास है, उसके साथ जुड़ना मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी और प्रधानमंत्री जी का अपने पेज पर वो वीडियो शेयर करना (जिसमें अनुपमा हैं)। उस दिन तो मुझे लगा मेरी जान ही चली गई। रूपाली ने बताया कि उन्हें ये उम्मीद है कि पीएम मोदी ने उनका शो देखा होगा और उसके बारे में सुना होगा। ऐसा इसलिए कि ये शो गुजरात में बेस्ड है और अहमदाबाद में बहुत जबरदस्त पॉपुलर है. रुपाली ने बातचीत में कहा, मैं कभी कभी ऐसा जरूर सोचती हूं और कम से कम उम्मीद करती हूं कि उन्होंने अनुपमा जरूर देखा होगा। ये मेरे लिए बेस्ट अचीवमेंट होगी।






## संपादकीय

# जल-संकट से जीवन एवं कृषि खतरे में




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है। इसी कारण राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में जल संरक्षण के लिये नाड़ी, तालाब, जोहड़, बन्धा, सागर, समंद एवं सरोवर आदि बनाने की प्राचीन परम्परा रही है। जहाँ प्रकृति एवं संस्कृति परस्पर एक दूसरे से समायोजित रही हैं। राजस्थान के किले तो वैसे ही प्रसिद्ध हैं पर इनका जल प्रबन्धन विशेष रूप से देखने योग्य है और अनुकरणीय भी हैं। जल संचयन की परम्परा वहाँ के सामाजिक ढाँचे से जुड़ी हुई हैं तथा जल के प्रति धार्मिक दृष्टिकोण के कारण ही प्राकृतिक जलस्रोतों को पूजा जाता है।

लंबे समय तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण जल भंडारण में कमी आई है। जिसके चलते कई क्षेत्रों में सूखे जैसे और असुरक्षित हालात पैदा हो गये हैं। जिससे विभिन्न फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि देश की आधी कृषि योग्य भूमि आज भी मानसूनी बारिश के निर्भर है। ऐसे में सामान्य मानसून की स्थिति पर कृषि का भविष्य पूरी तरह निर्भर करता है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसी आसन्न संकट से निपटने के लिये जल संरक्षण के प्रयास घरों से लेकर तमाम कृषि पद्धतियों और औद्योगिक कार्यों तक में तेज करने की जरूरत है। जल भंडारण और वितरण दक्षता में सुधार के लिये पानी के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन प्रणालियों में बड़े निवेश की तात्कालिक जरूरत भी है। इसके साथ ही जल संरक्षण की परंपरागत तकनीकों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही आम लोगों को प्रकृति के इस बहुमूल्य संसाधन के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा हेतु प्रेरित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने की जरूरत है।

पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी धरती पर जीवन के असतित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, उन्हीं प्रयत्नों को व्यापक स्तर पर अपनाने एवं जल-संरक्षण क्रांति को घटित करने की अपेक्षा है।

सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, अब उन पर जलवायु परिवर्तन का घातक प्रभाव पड़ने लगा है। जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन हैं नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, इनकी रक्षा करो, इन्हें अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरुआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाकर या उनका जीर्णोद्धार करके बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं।

# श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम पर शिक्षकों तथा अभिभावकों ने जताई संतुष्टि

### एसडीएम स्कूल छितरोली व रावमव विद्यालय खेडी के विद्यार्थियों ने दिखाया जलवा




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जारी किए गए 12वीं कक्षा के परिणाम में एसडीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छिथरोली के विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के निदेशक अजमेर सिंह दांगी ने बताया कि विद्यार्थियों ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने बताया कि छात्रा अंकिता और मुस्कान ने 447 अंक प्राप्त करके सामूहिक रूप से प्रथम स्थान हासिल किया है इसी प्रकार मोहित ने 439 अंक प्राप्त करके द्वितीय तथा तमन्ना ने 404 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया है। 24 विद्यार्थियों में से 12 विद्यार्थियों ने मेरिट तथा 12 ने प्रथम श्रेणी प्रापत की है। प्रधानाचार्य रेखा दांगी ने परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों के शानदार परीक्षा परिणाम पर खुशी जताते हुए अभिभावकों सहित शिक्षकों व विद्यार्थियों की मेहनत को सलाम किया है। उन्होंने बताया कि इन छात्रों ने यह मुकाम मेहनत करके हासिल किया है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य सतपाल यादव, एचओडी प्रवीण कुमार, मंजू, परमजीत रमेश कौशिक, रवि, बबली मंजू, मनीषा, मीना, अर्चना, स्नेहलता उपस्थित थे। दसरी ओर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेडी तलवाना के विद्यार्थियों ने भी परीक्षा परिणाम में अव्वल स्थान हासिल किया है। विद्यालय के प्राचार्य दीपक लाटा ने बताया कि उनके विद्यालय के 51 विद्यार्थी पंजीकृत थे। जिनमें से विज्ञान संकाय में रेनु ने 399 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। संजना ने 393 तथा वंशिका ने 388 अंक प्राप्त कर द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में 469 अंक लेकर अर्पणा ने प्रथम, 429 अंक लेकर अंजली ने दूसरा तथा 420 अंक प्राप्त कर अलीशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 7 विद्यार्थी मेरिट में रहे वहीं 6 ने 75 फीसदी अंक प्राप्त किए। 33 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। शिक्षकों तथा अभिभावकों ने परीक्षा परिणाम पर संतुष्टि जाहिर की है।

# एसडीएम विरेन्द्र सिंह ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी मंडी।** एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बुधवार को सिवानी उपमंडल के ग्राम मोहिला में पंचायत द्वारे करवाये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और सरपंच व ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने गली निर्माण व गांव में बिछाई जा रही गन्दा पानी निकासी पाइप लाइन के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम विरेन्द्रसिंह ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से संवाद कर समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने एसडीएम व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अमित कुमार से डाली जा रही पाइप लाइन के साथ साथ गली निर्माण का आग्रह किया। एसडीएम विरेन्द्र सिंह ने गली व पाइप लाइन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए तथा बारिश के पानी निकासी की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने सेठ चांदनमल धर्मशाला में पोलिंग बूथ न0 48 का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बूथ से संबंधित बीएलओ सुरेंद्र सिंह सूरा को मतदान केंद्रों पर बिजली, पेयजल और शौचालय आदि जरूरी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों पर कुछ जरूरी सुविधाएं होनी जरूरी हैं, जिनमें बिजली, पीने का पानी, शौचालय का प्रबंध होना चाहिए। इसी प्रकार से दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के लिए रैंप का होना जरूरी है। उन्होंने यहां पर बिजली व शौचालय की व्यवस्था को चैक किया। निर्देश दिए कि बूथों पर नागरिकों को मतदान करने में किसी प्रकार की दिक्कत नही होनी चाहिए। पोलिंग बूथ पर नाम अंकित होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के लिए प्रवेश व निकास द्वार अलग-अलग हों ताकि किसी भी तरह से अव्यवस्था न बनें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम के चलते पर्याप्त मात्रा में पेयजल का प्रबंध रखें। इस अवसर पर बीडीपीओ अमित कुमार, एसईपीओ इंद्रपाल तकनीकी जेई कुलदीप सिंह सरपंच सतबीर सिंह व ग्रामीण मौजूद रहे।

# सिवानी में ट्रेंड यूनियनों द्वारा मनाया मई दिवस




**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** संयुक्त ट्रेंड यूनियनों के आह्वान पर 1 मई को सिवानी एस.डी.एम कार्यालय पर कुलदीप सिंह बड़वा सीटू व साधुराम रूपाणा इंटक कि संयुक्त अध्यक्षता में मई दिवस मनाया ! जिसका संचालन आजाद सिंह मिरान, आई.सी.टी.यू, सूबे सिंह किकराल एटक ने संयुक्त रूप से किया ! सिवानी ब्लॉक के गांव - गुरेरा, नलौई, गुढ़ा, कलाली, बिधवान, बड़वा, कालौद व अन्य गांवों से मजदूर शामिल हुए ! सभा को सम्बोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने मई दिवस के शहीदों को श्रद्धांजलि दी और मजदूरों को बताया कि 1886 में अमेरिका के शिकांगो शहर में मजदूरों ने अपने अधिकारों के लिए बहुत बड़ा आंदोलन किया था जो आज हमारे काम करने के समय तह हुआ था और आगे बताया बीजेपी सरकार कि मजदूर विरोधी नितियों के बारे विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि जब से देश और प्रदेश में बीजेपी सरकार आई हैं तब से मजदूर दर - दर की ठोकरें खाने पर मजबूर हैं ! मोदी सरकार मनरेगा के बजट में लगातार कटोती कर रही हैं ! देश के युवा बेरोजगारी के कारण दर-दर भटकने पर मजबूर हैं ! देश में महंगाई दर चर्म पर पहुंचा दी ! स्वास्थ्य के आयुष्मान कार्ड के नाम पर देश के गरीब मजदूरों के साथ धोखा कर रहे हैं ! प्रदेश में बीजेपी सरकार आने के बाद निर्माण मजदूरों को श्रम बोर्ड में पंजीकरण करवाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है या दलालों के हाथों लुटा जा रहा है ! बोर्ड से मिलने वाली सुविधाओं पर बेबुनियादी शर्त लाकर मजदूरों को सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है और दलालों के हाथों बोर्ड का पैसा लुटा रहे हैं ! बार बार मंत्रीओं व बोर्ड के आलाधिकारिओं को भ्रष्टाचारों की शिकायत करने पर अभि कोई कार्यवाही नहीं हुई! इन सभी समस्याओं पर चर्चा करके एस.डी.एम के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा जाएगा व लोकल समस्याओं पर हुई बातचीत इस मौके पर किसान संगठनो ने भी समर्थन दिया ! किसान नेता कामरेड दयानंद पुनिया, बिल्लू गोदारा, अंतर सिंह, बलवान बागड़ी, जगबीर ढाण्डा, राजीव श्योराण, राम किशन व अन्य ने भी सम्बोधित किया!

# स्याणा के ग्रामीणों को व्यर्थ पानी न बहाने के लिए किया जागरूक



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** उपमंडल के गांव स्याणा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कनीना द्वारा घर-घर नल से जल जागरुकता अभियान चलाया गया। खंड संसाधन संयोजक मोहित कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में पेयजल की समुचित आपूर्ति करवाना विभाग के लिए एक चुनौती की तरह है। जिसमें ग्रामीण उपभोक्ताओं का सहयोग बहुत जरूरी होता है। स्याणा गांव में घर-घर जाकर खुले चलने वाले नल पर टोंटी लगाई गई तथा नल से आने वाले दुषित पानी की लाईन की दुयरु किया गया। सभी घरों तक पेयजल आपूर्ति करने के लिए ग्रामीणों को जरूरत के मुताबिक नल चलाने तथा बाद में बंद देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीणों को पानी में जीवाणु परीक्षण, क्लोरीन टेस्ट भी करके बताए। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि पेयजल सम्बंधी समस्या आने पर उपभोक्ता विभाग की टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 18001805678 का प्रयोग कर सकते हैं। इस दौरान ट्यूवैल आपरेटर जयभगवान, हंसराज, प्रवीण उपस्थित थे।

# अंतिम दिन तकनयी मंडी में साढे तीन लाख बैग सरसों की हुई खरीद




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना की नयी आनाज मंडी चेलावास, में पिछले माहभर से जारी सरसों की खरीद के बाद अब किसानों की कतार बंद होने के साथ-साथ बुधवार को खरीद के अंतिम दिन सांय 4 बजे तक 10 हजार क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी थी। खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस के प्रबंधक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि 5650 रूपये प्रति क्विंटल की दर से अब तक 3 लाख 50 हजार बैग सरसों की खरीद की जा चुकी है। जिसमें से दो लाख बैग का उठान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि एक मई को सरसों खरीद का अंतिम दिन है इसके बाद सरसों की खरीद बंद होगी। उन्होंने बताया कि गेहूं की खरीद पुरानी में की जा रही है। गेहूं की खरीद आगामी 15 मई तक चलेगी। अब तक 1 लाख 15 हजार बैग गेहूं की खरीद की गई है। खरीदे गए गेहूं को फूड सप्लाई गोदाम महेंद्रगढ में रख गया है। जबकि सरसों को रोहतक, पानीपत, जींद, इसराना, धारूहेडा भेजी जा रही है। सरसों बेचने के लिए आए किसानों ने व्यवस्था को देखकर खरीद एजेंसी तथा मार्केट कमेटी के प्रयासों की सराहना की वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने शांतिपूर्वक खरीद कार्य सम्पन्न होने पर राहत की सांस ली। मार्केट कमेटी प्रशासन की ओर से किसानों की सुविधा के लिए मंडी में एंट्री गेट पर दो धर्मकांटे शुरू किए गए थे। जिन पर बिना किसी शुल्क के किसानों के भरे एवं खाली वाहनों का वजन किया जा रहा है। बिजली-पानी तथा साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की गई थी। मार्केट कमेटी सचिव नकुल यादव ने बताया कि सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक किसानों को गेटपास जारी किए गए। जिससे मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पडा।

# वाणिज्य विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में वाणिज्य विभाग द्वारा स्नातक के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता एवं कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के संरक्षण में महाविद्यालय प्रांगण में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सत्र के अंत में विदाई समारोह जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना के साथ तथा प्राचार्य को पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का परीक्षा का समय नजदीक है यह समय कड़ी मेहनत करके सफलता प्राप्त करके आगे बढ़ने का समय है और मेहनत से कमाए पैसों के मूल्य को समझाया। इस समारोह में विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग की स्नातक कक्षा की मिस फेयरवेल प्रीती और मिस्टर फेयरवेल लोकेश, मिस ब्यूटीफुल श्रुति और मिस पर्सनालिटी सुनिधि को चुना गया। अंत में विभागाध्यक्षा डॉ॰ शोभना गोयल ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। 100 विद्यार्थी इस विदाई समारोह में सम्मिलित रहे। वाणिज्य विभाग के सभी प्रवक्तागण के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


हिन्दी दैनिक समाचार पत्र समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में




फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें : 9818180269

# नूंह पुलिस का साइबर जागरूकता अभियान लगातार जारी, साइबर राहगीरी कर बच्चों/आमजन को किया जागरूक

### साइबर ठगी होने पर डायल 1930 कर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड कराकर ठगी किए गए पैसे पा सकते हैं वापिस

### ट्रैफिक नियमों, महिला एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध व नशें से दूर रहने बारे में भी बच्चों/लोगों को किया जागरूक

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को लेकर नूंह पुलिस द्वारा राजकीय वरिष्ठ मॉडल संस्कृति स्कूल, नूंह में साईबर राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों/स्टाफ व आमजन को साईबर अपराधों के बारे में जागरूक किया गया । इस दौरान विद्यार्थियों/स्टाफ व आमजन को ट्रैफिक नियमों का पालन करने व नशे से दूर रहने बारे भी जागरूक किया गया ।

निरीक्षक दलबीर थाना साइबर क्राइम नूंह ने विद्यार्थियों/स्टाफ व आमजन को जागरुक करते हुये कहा कि आज के समय में साइबर अपराध चरम पर है । आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है । इन्हें रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है । सभी को समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बडे ही चालाक किस्म के होते हैं, जिनसे सभी को बचना होगा । इसके लिए बड़े सोशल प्लेटफॉर्म को सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है । आज जिस तरह से अपराधियों के द्वारा साइबर अपराध को अपराध का एक सशक्त माध्यम बनाकर प्रयोग किया जा रहा है । उससे बचने के लिए लोगों को स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा ।



**इंटरनेट बैंकिंग, ऑनलाइन फ्राड, वालेट/ और यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी से बचना चाहिए :**

उन्होंने सभी को फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, ओटीपी व फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी । फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में लोगों को जागरूक रहने के लिए कहा गया । सिम कार्ड के माध्यम से, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, बायोमैट्रिक, क्यूआर कोड स्कैन, सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी कॉल, अनजान व्हाट्सएप वीडियो कॉल, ऑनलाइन लोन देने वाले ऐप, सोशल मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने बारे व यूपीआई संबंधी फ्राड के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त उपसथित विद्यार्थियों/स्टाफ व आमजन को नशे से दूर रहने, महिला एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध व ट्रैफिक नियमों की पालना करने का भी संदेश दिया और कहा कि नशा तस्करों के बारे में बेखौफ होकर नूंह पुलिस को सूचना दें तथा जिला नूंह को नशा मुक्त करने में नूंह पुलिस का सहयोग करें । इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान सिपाही नफीश अमहद, प्रधान सिपाही दिनेश, सिपाही रघु, सिपाही मनोज कुमार व अन्य अधिकारी /कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## हसनपुर मै अवैध शराब सहित आरोपी तस्कर गिरफ्तार

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के आरोप में एक बाइक सवार व्यक्ति को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने बाइक सवार व्यक्ति के पास से प्लास्टिक के कट्टो में भरी अवैध शराब भी बरामद की है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। होडल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति जो की अवैध शराब तस्करी का कार्य करता है वह आज गांव बंचारी से होडल की तरफ बाइक पर सवार हो प्लास्टिक के कट्टो में भरकर अवैध शराब ले कर आयेगा। अगर तुरंत नाकाबंदी की जाए तो आरोपी रंगे हाथों पकड़ा जा सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने गौड़ोता चौक निकट सर्विस रोड पर नाका लगा कर वाहनों की जांच करने लगी। कुछ समय बाद एक बाइक सवार व्यक्ति नाकाबंदी को देख थोड़ा पहले से अपनी बाइक को वापस मोड़ कर भागने की कोशिश करने लगा। जिसे पुलिस पार्टी ने मुस्तैदी दिखाते हुए मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी की बाइक पर बंधे प्लास्टिक के कट्टो में चार पेटी अवैध शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपी की पहचान नीरज पुत्र बिजेंद्र निवासी प्रेम पट्टी बंचारी के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया गया।

## बाइक में टक्कर मार सड़क पर गिराकर की मारपीट, मामला दर्ज

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** हसनपुर-होडल मार्ग स्थित गांव भिडुकी निवासी एक व्यक्ति की बाइक को पहले तो नकाबपोश युवकों ने अपनी बाइक से टक्कर मारी फिर उसे सड़क पर गिराकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित व्यक्ति ने थाना पुलिस को अज्ञात लोगो के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है । पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। होडल थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव भिडूकी निवासी राजेंद्र पुत्र राम स्वरूप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपना एक डिलिवरी का कार्य पूरा कर होडल से वापस अपने घर भिडुकी अपनी बाइक द्वारा जा रहा था। जैसे ही वह खिरबी गांव के निकट पहुंचा तो एक तेज रफ्तार बाइक सवार लोगो ने मुझे टक्कर मार कर सड़क पर गिरा दिया और मुझे सड़क पर गिराकर गाली गलौज करते हुए लात, घुसो से मारने पीटने लगे। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनमें से एक युवक बार बार विनोद नाम ले रहा था। उनकी मारपीट और टक्कर लगने से लगी चोटों के कारण पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो सड़क पर बेहोश हो गया। जिसके बाद दोनो युवक वहा से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि किसी राहगीर ने मुझे घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा देख मेरा मोबाइल ले कर मेरे घर वालो का नंबर निकाल कर मेरे साथ हुए हादसे की सूचना दी। जिसके बाद मेरे परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और मुझे पास के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। जहा अभी तक मेरा इलाज चल रहा था। पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उचित कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है।

## 36 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, एक कार व दो फर्जी नम्बर प्लेट सहित एक गिरफ्तार



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सीआईए तावडू प्रभारी निरीक्षक सुभाष ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए स्टाफ में तैनात सहायक उप निरीक्षक राजेश अपनी टीम के साथ गस्त में सोहना तावडू रोड धुलावट के.एम.पी. पुल के नीचे मौजूद था। उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई की योगेन्द्र पुत्र जितेन्द्र निवासी खरखौदा जिला सोनीपत अवैध शराब बेचने का धंधा करता है और आज अपनी टाटा पंच गाडी में अवैध अंग्रेजी शराब भरकर केएमपी मानेसर से पलवल की तरफ जायेगा। सूचना के आधार पर टीम द्वारा केएमपी पुल के ऊपर नाकाबन्दी शुरू की गई। जो कुछ समय बाद उक्त गाडी आती हुई दिखाई दी, जिसको पुलिस टीम ने रोककर चालक को काबू किया। चालक का नाम पता पुछा तो चालक ने अपना नाम योगेन्द्र उपरोक्त बतलाया। नियमानुसार गाडी की तलाशी लेने पर गाड़ी में अंग्रेजी शराब की कुल 36 पेटी (432 बोतल) अवैध शराब व दो फर्जी नम्बर प्लेट बरामद हुई। गाड़ी चालक से कागजात मांगने पर चालक ने बरामद शराब के सम्बंध में कोई कागजात पेश नहीं किये। पुलिस ने अवैध शराब को कब्जे में लेकर थाना सदर तावडू में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर मुकदमा में टाटा पंच कार चालक योगेन्द्र उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। इसके अतिरिक्त एक अन्य मामले में सहायक उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र, प्रभारी पुलिस चौकी नल्हड के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नूंह बडौजी रोड जगह सरेआम पर ताश के पत्तों द्वारा पैसे लगाकर जुआ खेलने के जुर्म में आरोपी दीपक पुत्र शेरसिंह निवासी गौन्दाराम चौक नूंह, तारिफ पुत्र इरफान निवासी वार्ड नं- 13 नूंह, विनय सिंगला पुत्र सुभाषचन्द व अजय पुत्र फुलीराम निवासीयान वार्ड नं 05 नूंह को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जा से कुल 10 हजार 40 रुपये, अखबार कागज व 52 ताश के पत्ते बरामद हुये। जिनको कब्जा पुलिस में लेकर थाना सदर नूंह में सम्बधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई गई।

# गुरुग्राम लोकसभा सीट पर राज बब्बर नहीं बचा पाएंगे अपनी जमानत : जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल

### पहले मेवात से 82 हजार वोट मिले इस बार 2 लाख 27 का टारगेट।

### मुस्लिम मतदाताओं की पहली पसंद है राव इंद्रजीत सिंह, राज बब्बर रहते है मुबई।



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** कांग्रेस पार्टी द्वारा गुरुग्राम लोकसभा सीट पर 5 बार के सांसद और उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रह चुके फिल्म अभिनेता राज बब्बर को चुनावी पिच में उतारते ही सियासी पारा बढ़ गया है। बुधवार को पुन्हाना में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे नूंह जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने राज बब्बर पर जमकर निशाना साधा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अपनी हार को देखकर कांग्रेस के लोग घबरा गए है। गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में मोदी और राव इंद्रजीत सिंह का वर्चस्व रहा है। आज का चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर चुनाव है। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र को सर्वोपरि रखकर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का उम्मीदवार राज बब्बर मुंबई के रहने वाले पैराशूट उम्मीदवार है। जो कभी जनता के बीच नही रहेंगे। राज बब्बर को केवल फिल्मी चेहरा देखकर गुरुग्राम लोकसभा से उम्मीदवार बनाया है। निश्चित तौर पर राज बब्बर अपनी जमानत नहीं बचा पाएंगे। पिछले बार कांग्रेस उम्मीदवार को मुस्लिम समुदाय से काफी वोट मिली थी, यही सोचकर अगर कांग्रेस ने राज बब्बर को मैदान में उतारा है तो वह अबकी बार मेवात क्षेत्र से भी बुरी तरह हार कर जाएगा। लोग फिल्मी चेहरा देखकर नही बल्कि विकास और मिलनसार नेता देखकर भाजपा के साथ रहेगें। जिला अध्यक्ष ने कहा कि राज इंद्रजीत जमीन से जुड़े नेता है। जो हमेशा मेवात की जनता के सुखदुख में शामिल होते हैं। जो भी व्यक्ति राव इंद्रजीत सिंह के पास अपनी फरियाद लेकर गया है, वह वहां से खाली हाथ नहीं लौटा। यही वजह है कि मेवात में इस बार राव इंद्रजीत सिंह को मुसलिम समुदाय के मतदाताओं का प्यार सर्वाधिक मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को मेवात से करीब 82 हजार वोट मिली थी। पिछली बार मेवात में हमारे पास सीमित नेतृत्व था,लेकिन इस बार जिले के मुसलिम समाज के ज्यादातर दिग्गज नेता भारतीय जानत पार्टी के साथ है। क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने यह टारगेट रखा है कि इस बार मेवात की तीनों विधानसभाओं से भाजपा प्रत्याशी को 2 लाख 27 हजार वोट दिलवाकर मोदी जी के पास भेजने का काम करेगें। उन्होंने कहा कि मेवात में लगातार पार्टी के नेता चुनावी रण में उतरे हुए। पिछले 27 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राव इंद्रजीत सिंह के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित किया, तो वहीं अब आगामी 5 मई को नूंह की अनाज मंडी में मुख्यमंत्री फिर एक जनसभा को संबोधित करने आ रहे है। इसके साथ ही आगामी 7 मई को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और राव इंद्रजीत सिंह फिरोजपुर झिरका में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पुन्हाना भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश कंसल, पूर्व गौसेवा आयोग के अध्यक्ष भानी राम मंगला,जिला उपाध्यक्ष सुभाष भारद्वाज, कमल प्रकाश सैनी, नरेंद्र तिवारी और उमेश आर्य सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने पहले विधि विधान से हवन यज्ञ में भाग लिए और बाद में रिबन काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया।

## चुनाव प्रचार में 10 से ज्यादा वाहनों के काफिले के चलने की नहीं होगी अनुमति : धीरेंद्र खड़गटा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेन्द्र खडग़टा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 की नामांकन प्रक्रिया आरंभ होने के साथ ही चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों व राजनीतिक पार्टियों को चुनाव प्रचार के समय रोड शो, चुनाव रैलियों के लिए जनसाधारण को असुविधा न हो इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना करनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि केवल चुनाव प्रचार के लिए दोपहिया वाहनों का उपयोग यातायात नियमों के अनुसार ही करना होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा वाहन को छोडक़र 10 से ज्यादा वाहनों के काफिले के चलने की अनुमति नहीं होगी। सभी बड़े वाहनों के काफिलों में यदि कोई केंद्रीय मंत्री, राज्य का मंत्री या अन्य विशेष व्यक्ति शामिल है तो काफिलों को 10 वाहनों में तोड़ा जाएगा और दूसरे काफिले में कम से कम 100 मीटर का फासला होगा। उन्होंने कहा कि एक बाइक पर एक से डेढ़ फीट के झंडे को साथ लेकर चलने की अनुमति होगी। रोड शो के समय जनसाधारण की सुरक्षा को ध्यान में रखा जाएगा और आधी सडक़पर आवाजाही की अनुमति होगी। रोड शो में पशुओं व स्कूल वर्दी में बच्चों को शामिल करने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध होगा। रोड़ शो के दौरान पटाखे फोडने.व हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा।

## खारा पानी से तंग आ चुके हैं नगीना वासी, कब नसीब होगा मीठा पानी

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** कस्बा नगीना में जन स्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग के द्वारा उपलब्ध करवाए जाने वाला पेयजल खारा होने की वजह से जनता में विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है ।सर्व जातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष व समाजसेवी रजत जैन, मूलचंद शर्मा ने बताया की सरकार व प्रशासन जनता को स्वच्छ, साफ,निर्मल पेयजल उपलब्ध कराने के दावे करती है। लेकिन ये दावे कस्बा नगीना में खोखले साबित हो रहे हैं। क्योंकि कस्बा में विभाग के द्वारा पेयजलापूर्ति खारे जल की जा रही है। पेयजल खारा होने की वजह से रसोई सम्बंधित दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं ।वही इस जल के उपयोग करने की वजह से जनता के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है ।खारा जल के सेवन की वजह से आंत्रशोध( पेट से संबंधित) रोग होने के साथ-साथ चर्म रोग से सम्बनधित दाद, खाज, खुजली के मरीज भी दिनोंदिन बढ़ते जा रहे हैं। धनाढ्य वर्ग के व्यक्ति तो 10 या 20 रुपये का दैनिक एक डिब्बा (केम्पर) मीठे जल का मंगा कर अपना कार्य चला लेते हैं या 800 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक का निजी टैंकर मंगाकर जीवन यापन करने को मजबूर है ।लेकिन गरीब जनता के सामने विभाग के द्वारा उपलब्ध कराऐ जाने वाले जल के उपयोग करने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है ।कस्बावासियों की सरकार से मांग है की कस्बा में सुचारू रूप से स्वच्छ साफ,निर्मल मीठा पेयजलापूर्ति दैनिक रूप से की जाए। जिससे कि जनता अनावश्यक होने वाली परेशानियों व बीमारियों से बच सकें। क्या कहते है चिकित्सा अधिकारी : वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी फिरोजपुर झिरका के चिकित्सक कृष्ण कुमार ने बताया कि खारे जल में सोडियम क्लोराइड की मात्रा अधिक होने की वजह इसमें हानिकारक तत्व भी अधिक होते हैं जिसके उपयोग करने से मनुष्य पर शारीरिक रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है इससे पेट से संबंधित कई रोग हो जाते हैं और पाचन क्रिया भी प्रभावित होती है। चर्म रोग ,नेत्र रोग, दंत रोगों के होने की भी संभावना प्रबल रहती है इससे पथरी होने का भी खतरा भी हो जाता है जल में नमक की मात्रा अधिक होने की वजह से रक्तचाप भी अनियंत्रित हो जाता है ।इसके अलावा कई अन्य गंभीर रोगों के होने की संभावना भी बनी रहती है। व्यक्ति को खारे पानी के उपयोग से बचना चाहिए।

## फरीदाबाद लोक सभा चुनाव के लिए आज तीसरे दिन चार लोगों ने दाखिल किए नामांकन पत्र



**समाचार गेट/समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के समक्ष फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र के लिए आज तीसरे दिन बुधवार को एक निर्दलीय और जन नायक पार्टी नलिन हुड्डा सहित चार लोगों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि आम लोकसभा चुनाव-2024 के चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए नामांकन प्रक्रिया अधिसूचना जारी होने के बाद 29 अप्रैल से शुरू हो गई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के समक्ष आज बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर स्वामी राजेन्द्र देव, जेजेपी पार्टी के नलिन हुड्डा और उनकी कवरिंग कैंडिडेट के रूप में तान्या हुड्डा ने नामांकन फ़ार्म दाखिल किए। वहीं सत्यदेव यादव ने बुलंद भारतीय पार्टी के कैंडिडेट के रूप नामांकन पत्र दाखिल किया।







# लोगों के उत्साह से फरीदाबाद में लगेगी भाजपा की जीत की हैट्रिक : कृष्णपाल गुर्जर

## तिगांव क्षेत्र के गांव बड़ौली में हुआ भाजपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांव बड़ौली में आज भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद हजारों की संख्या में लोगों ने श्री गुर्जर को अपने पलक-पावड़े बिठाकर सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर उनका जयघोष करते हुए उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में लगातार तीसरी बार भेजने का भरोसा दिलाया। सैकड़ों युवा उन्हें कंधों पर बिठाकर कार्यक्रम स्थल तक लेकर पहुंचे, जहां भाजपा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, कृष्णपाल गुर्जर जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को भाजपामय कर दिया। कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ से गद्गद् भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जिस प्रकार से लोगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार के दस वर्षो के शासनकाल में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यो के प्रति जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है, उससे स्पष्ट है कि देश में और फरीदाबाद में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग मोदी जी की नीतियों में अपनी आस्था जता रहा है, लोग देश को मजबूत हाथों में सौंपने का मन बना चुके है और केवल नरेंद्र मोदी जी एकमात्र ऐसे व्यक्ति है, जो भारत की एकता, अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा कर सकते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज दोराहे पर खड़ी है, उसके अपने ही घर के सदस्य एकजुट नहीं है भला वह देश को कैसे संभालेगी, उन्होंने कांग्रेसियों को नसीहत देते हुए कहा कि वह पहले अपने परिवार ठीक करे, देश की चिंता न करे, देश को मोदी जी संभाल लेंगे। श्री गुर्जर ने कहा भाजपा के दस वर्षो के शासनकाल में गरीब, दलित, पिछड़े, किसान, कमेरे वर्ग सहित छत्तीस बिरादरी के हितों के लिए कार्य किए गए, अनेकों ऐसी योजनाएं क्रियानवित हुई है, जिसका लाभ हर वर्ग उठा रहा है। मोदी सरकार ने बिचौलियों की दुकान बंद करके हर विभाग में पारदर्शिता लाने का काम किया है, यही कारण है कि आज समूचा सरकारी तंत्र ऑनलाईन हो गया है और बिलौचिये और दलाल के समक्ष भूखे मरने की नौबत आ गई है। श्री गुर्जर ने कहा कि हमें भ्रष्टाचारियों और लुटेरों से देश को बचाना है, पिछले दो चुनावों में जिस प्रकार से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया, ठीक उसी प्रकार अबकि बार भी कमल के सामने वाला बटन दबाकर नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दे ताकि यह देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में अग्रसर हो सके। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, हरी चंदीला मास्टर जी, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन विनोद चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, शील चंदीला, श्याम सिंह सरपंच, हरकिशन चंदीला, सतपाल चंदीला, राजेंद्र बैंसला, नेहपाल बैंसला, लीलू चंदीला, किशन शर्मा, संजय भाटी, हरेंद्र भाटी, विजयपाल, जगगी मास्टर, रामपाल सरपंच, राजेंद्र चंदीला, संदीप चंदीला, नेत्रपाल चंदीला, निरंजन सरपंच, भरता चंदीला, रविन्द्र त्यागी, राकेश नरवत सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह के पक्ष में पाली में उमड़ा जनसैलाब

## 28 गांवों के लोगों ने हजारों की संख्या में पहुंच दिया खुला समर्थन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह को बुधवार को आज उस समय बडी कामयाबी मिली जब एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के 28 गावों के लोगों ने एकजुट हो पाली गांव में आयोजित विशाल जनसभा में अपने खुले समर्थन का ऐलान कर दिया। हजारों की संख्या में उपसथित लोगों का उत्साह देखने लायक था तथा उन्हें सभास्थल तक एक विशाल काफिले के साथ लाया गया। वह जहां-जहां से गुजरे वहां-वहां रास्ते में दोनों सडक के दोनों तरफ जेसीबी खडी करके पुष्पवर्षा की गई जो नजारा देखने लायक था। सभा में अबकी बार महेन्द्र प्रताप के नारों के साथ वातावरण को कांग्रेसमय बनकर मंच पर क्षेत्र के लोगों ने पूर्व मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह व क्षेत्र के विधायक पंडित नीरज शर्मा का पगडी बांधकर खुला ऐलान किया और विश्वास दिलाया कि एनआईटी क्षेत्र से लोकसभा में सबसे अधिक मतों के अंतर से विजयी बनाएंगे। इस दौरान लोगों में भारी जोश देखने को मिला और सभा में उमडे अपार जनसैलाब से गदगद पूर्व मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप ने कहा कि एनआईटी क्षेत्र के पाली गांव में आयोजित इस चुनावी जनसभा को लोगों ने विशाल रैली में तब्दील कर संकेत दे दिया है कि इस बार लोकसभा चुनाव में यहां की जनता नया इतिहास लिखने जा रही है। उन्होंने भावुक हो जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनावी शुरूआत में ही इतना अपार प्यार व स्नेह देकर मेरे दिल को जीत लिया है और वह भी विश्वास दिलाते हैं कि सांसद बनने के बाद एनआईटी क्षेत्र में समानता के साथ हर वर्ग के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोडेंगे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में अब बदलाव की हवा शुरू हो गई है जो बहुत जल्द ही आंधी का रूप लेगी क्योंकि अब समय आ गया है जब जनता भाजपा के कुशासन और भ्रष्टाचार से मुक्ति पाने के लिए इंडिया गठबंधन को विजयी बनाएगी। उन्होंने एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा की भी खुलकर तारीफ करते हुए कहा कि विपक्ष में रहते हुढ भी आपके विधायक नीरज शर्मा ने एनआईटी का मान पूरे प्रदेश में बढ़ाया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सडक से लेकर विधानसभा तक लडाई लडी है। सभा में एनआईटी क्षेत्र के कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार में भेदभाव की नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपाईयों के सबका साथ सबका विकास की पोल एनआईटी क्षेत्र में खुलकर सामने आई है। आपने मुझे विधायक बनाया इससे भाजपाईयों के पेट में दर्द हुआ और क्षेत्र के साथ भेदभाव किया। उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी को विश्वास दिलाया कि एनआईटी की जनता भारी बहमुत से कांग्रेस को जिताएगी। उन्होंने लोगों से दोनों हाथ उठवाकर चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह के लिए समर्थन मांगा। सभा में रघुवर सरपंच पाली,कैप्टन तेजसिंह, वेदराम पूर्व सरपंच, हरेन्द्र भडाना, गिर्राज भडाना, वेदपाल सरपंच पाखल, शेखर सरपंच, सम्पूर्ण खेडी, पप्पू सरपंच मोहफताबाद, बीरू सरपंच पावटा, खडक सिंह पाली, रालेन्द्र सिंह, फत्ते भडाना, सरजीत भडाना, रघुनाथ मैम्बर, मलखान भडाना, पप्पी पाली आदि क्षेत्र के हजारों की संख्या में प्रमुख लोग मौजूद थे।

# 4 मई को नामांकन दाखिल करेंगे इनैलो के लोकसभा प्रत्याशी सुनील तेवतिया

## इनैलो की लोकसभा स्तरीय बैठक में बनाई चुनावी रणनीति



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल की लोकसभा स्तर की एक एक बैठक आज यहां सेक्टर-3 सथित राजा नाहर सिंह पैलेस में आयोजित की गई। बैठक में फरीदाबाद और पलवल दोनों जिलों के पदाधिकारियों ने भाग लेकर चुनावी रणनीति तैयार की। बैठक में फैसला किया गया कि आगामी 4 मई को इनैलो के लोकसभा प्रत्याशी सुनील तेवतिया अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले सैक्टर 3 में एक सभा का आयोजन भी होगा। वहीं बैठक में बूथ प्रबंधन पर भी जोर दिया गया तथा पार्टी पदाधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदारियां भी सोंपी गई।

वहीं आगामी 5 मई से समूचे लोकसभा क्षेत्र के 9 विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार किया जाएगा जिसके तहत क्षेत्र के सभी बडे गावों में सभाओं का आयोजन कर पूर्व उप-प्रधानमंत्री स्व. चौधरी देवीलाल और पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला सरकारों में प्रदेश की जनता के हित में लिए गए फैसलों से लोगों को अवगत कराया जाएगा।

बैठक में फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, पलवल के जिलाध्यक्ष अजीत बॉबी, जिला प्रधान महासहिचव बच्चू सिंह तेवतिया, युवा जिलाध्यक्ष अजय चौधरी, महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, महेन्द्र चौहान, तैय्यब हुसैन भीमसिका, बलदेव देशवाल, सतपाल देशवाल, सत्ते पहलवान, दिनेश दलाल, बोधराज, सुरेश मोर, ओमदत्त नागर, सरदार कुलदीप सिंह, राजीव शर्मा सोनू हुड्डा, धर्मेन्द्र हुड्डा, कमलजीत सिंह, घीसाराम, चन्दन सिंह सौरोत, वेद पहलवान आदि मुख्यरूप से मौजूद थे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान व अजीत बॉबी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के लोग भाजपा शासन से दुखी व परेशान हैं और आज फिर से ताऊ देवीलाल की सरकार को याद कर रहे हैं, बस जरूरत है तो उन्हें जागरूक करने की। इसलिए सभी कार्यकर्ता चुनाव के प्रचार व प्रसार में जुट जाएं और गावों में अपने-अपने बूथों को मजबूत कर लें। उन्होंने कहा कि इनैलो ही सही मायनों में देवीलाल के सपनों की पार्टी है और लोग विधायक अभय चौटाला की बात पर विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि इनैलो ने फरीदाबाद लोकसभा से शहीद राजा नाहर सिंह के परिवार को टिकर देकर हमारा मान बढावा है। लोक सभा प्रत्याशी सुनील तेवतिया ऐसे सामाजिक नेता हैं जिनकी दोनों जिलों की 36 बिरादरी में गहरी पैंठ है, बस जरूरत है हम सबको एकजुट हो प्रचार में जुट जाने की।

# सेमिनार में लोगों को हृदय संबधी बीमारियों के प्रति किया जागरूक



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद सथित एकॉर्ड अस्पताल की तरफ से अस्पताल परिसर में हेल्थ टॉक का आयोजन किया गया। सेमिनार में अस्पताल कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता मुख्य रूप से शामिल रहे। उन्होंने हार्ट अटैक सहित विभिन्न बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया। डॉ. गुप्ता ने कहा कि तापमान में छोटी सी वृद्धि भी कार्डियोवास्कुलर रोगों का खतरा बढ़ा देती है। दरअसल में बढ़ा हुआ तापमान कार्डियोवेस्कुलर सिस्टम पर एक्स्ट्रा दबाव डालता है, जिससे दिल के दौरे के खतरे का खतरा बढ़ जाता है, लंबे समय तक हाई टेम्परेचर में रहने से शरीर को अंदर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, जिससे हार्ट रेट बढ़ जाती है और गर्मी को खत्म करने के लिए त्वचा में ब्लड फ्लो बढ़ जाता है। इसके चलते हार्ट अटैक का खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि गर्मी का सबसे ज्यादा प्रभाव दिल पर पड़ता है, जिससे स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है, जिसमें स्ट्रोक की 3.8 प्रतिशत की वृद्धि है और हृदय रोग के 2.8प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिलती है।

इन लोगों को बरतनी चाहिए खास सावधानियां 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को गर्मी में हार्ट अटैक का खतरा अधिक रहता है, खासकर जो पहले से हृदय संबधी बीमारियों से जूझ रहे हों। कारण-अटैक होने के कई कारण होते हैं। ये शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के हो सकते हैं। कुछ मुख्य कारणों में हाई ब्लड प्रेशर, अनियमित खान-पान, शराब और धूम्रपान का सेवन, डायबिटीज, अधिक वजन, और अधिक तनाव शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, ब्लड क्लॉट या इसमें खून का फ्लो रोकने वाली कोई अन्य समस्या भी कारण बन सकता है। - जब तापमान ज्यादा होता है, तो पसीने की मात्रा बढ़ जाती है। यह बढ़ती हुई पसीने की मात्रा पानी की कमी और तबीयत खराब कर सकती है। लक्षण- इन मामलों में सामान्य लक्षण एक तरफ़ के शरीर में कमजोरी, बोलने या समझने में मुशकिल, संतुलन नहीं रख पाना है और भ्रम की परेशानी होती है। हालांकि, जब आपका शरीर का तापमान बहुत ज्यादा गर्म हो जाता है और तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है तो लू लग जाती है, इसे गर्मी का शॉक कहते हैं। ऐसे में व्यक्ति को अधिक पानी पीना और उचित कपड़े पहनने चाहिए, यानी हल्के कपड़े, ढीले कपड़े और हलके रंग के कपड़े पहना और उच्च तापमान या धूप में बहुत ज्यादा समय तक नहीं रहना चाहिए।

# 'हुड्डा ने पुत्र मोह में भाजपा का साथ देकर पूरी कांग्रेस का दिया बलिदान'

## जजपा के लोकसभा प्रत्याशी नलिन हुड्डा का नामांकन भरवाने पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कांग्रेस की अंदरूनी कलह पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि आज पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पुत्र मोह के चलते भाजपा का साथ देकर पूरी कांग्रेस का बलिदान दिया है, यह बात जनता समझती है और मत से इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस की अंदरूनी कलह जगजाहिर है। बुधवार को पूर्व डिप्टी सीएम फरीदाबाद में जेजेपी प्रत्याशी नलिन हुड्डा के नॉमिनेशन फाइल और चुनावी कार्यालय उद्घाटन के कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। इसके उपरांत दुष्यंत चौटाला ने लंबे काफिले के साथ पुहंचकर जेजेपी प्रत्याशी नलिन हुड्डा का नामांकन भरवाया। वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी फरीदाबाद की पावन धरा से जेजेपी प्रत्याशी का नामांकन दाखिल कर पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन भरने की शुरुआत कर दी है और छह मई तक सभी जेजेपी लोकसभा प्रत्याशियों का नामांकन भरवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जेजेपी ने उम्मीदवारों की सूची में अन्य पार्टियों के मुकाबले सबसे युवा, महिला और बीसी वर्ग को प्राथमिकता दी है ताकि दिल्ली में हरियाणा की आवाज मजबूती के साथ उठाई जा सके और इसके लिए अगले 25 दिन तक जेजेपी कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत करेंगे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि फरीदाबाद में लंबे समय से लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय पार्टियों के चुनिंदा लोगों का कब्जा रहा है और इस कब्जे को छुड़वाने का सही समय आ गया है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद की जनता के पास आज युवा नेतृत्व के साथ आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर है। दुष्यंत चौटाला ने अपील की कि क्षेत्रवासी फरीदाबाद के हित में जेजेपी प्रत्याशी नलिन हुड्डा को लोकसभा भेजने का काम करें। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मौजूदा बीजेपी सांसद की अनदेखी के चलते फरीदाबाद की प्रगति में केंद्र सरकार का सहयोग पूरी तरह विफल रहा है।

उन्होंने कहा कि फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी का दर्जा देने के बावजूद इस दिशा में कोई कार्य नहीं हुए। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा का हिस्सा होने के बावजूद पलवल जिले के साथ विकास के मामले में सौतेला व्यवहार किया गया। एक सवाल के जवाब में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मेरी छवि खराब करने में अगर कोई अपना फायदा देखता है तो उसे यह भी देखना चाहिए कि सरकार परिवर्तन के दौरान अकेले दुष्यंत चौटाला बाहर नहीं हुए बल्कि पूर्व सीएम मनोहर लाल सहित कई मंत्री बाहर हुए थे, क्या ये सभी खराब छवि के थे ? उन्होंने कहा कि सरकार में आए नए साथी मीडिया में अपनी जगह बनाने के लिए ऐसी निराधार बातें करते है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हमने हरियाणा को बेहद अच्छा शासन दिया था और इसकी वजह से हरियाणा में जीएसटी वृद्धि दर 23 प्रतिशत, राजस्व में दोगुनी वृद्धि देखने को मिली। इसी तरह 11 नए नेशनल हाईवे बनाए, 20 हजार किलोमीटर सड़कों का सुधार जैसे अनेक काम करवाए। दुष्यंत चौटाला ने आगे यह भी कहा कि अगर फिर भी पूर्व गठबंधन सरकार के किसी फैसले में खामी नजर आए है तो उसकी जरूर जांच करवाए, हम सदैव जांच के पक्षधर रहे है। इस दौरान जेजेपी प्रत्याशी नलिन हुड्डा ने भी स्थानीय लोगों से वोट की अपील की और जनता को विश्वास दिलाया कि वे फरीदाबाद के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

पार्टी जिला प्रवक्ता रविन्द्र पाराशर ने बताया इस अवसर पर मुख्य रूप दोनों जिलाध्यक्ष कृष्ण जाखड़, देवेंद्र सौरोत व हरमीत कौर, प्रेम धनकड़, अजय भड़ाना, सुरेन्द्र सौरोत, प्रवीण डूडी, सुखराम डागर, हाजी करामत अली, तेजपाल डागर, उमेश भाटी, रवि शर्मा, धर्मपाल यादव, प्रेम आर्य (पप्पी), अमर नर्वत, प्रदीप चौधरी, सोनू रावत, गुलाब रावत, हातम आधाना, बेगराज नागर, खेमचंद कुंडू, विजय दिघौट, अरुण शर्मा, पंकज शर्मा, बृजेश शर्मा, योगेश कौशिक, प्रवेश तेवतिया, गजेंद्र भड़ाना, अमर दलाल, चित्रा नैन, देवेंद्र बैरागी, सरोज अधाना, सतीश फोगाट, मानिक मोहन शर्मा, रिछपाल लाम्बा, राजेश रावत, दिनेश डागर, सुनील डिंडे, सचिन कौशिक, अनिल खुटैला लोकेंद्र कालीरमन, भारत यादव, सनी पाराशर,नीरज प्रेमी, जितेंद्र चौधरी, सुदेश ग्रोवर, हेमंत पाल राणा,जावेद खान, आशुतोष गर्ग, अल्केश लंबा, साहब सिंह विर्क, राकेश गर्ग, हरिराम किरार, नंदराम पाहील व हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम जंयती समारोह में शामिल होने को लेकर पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने हल्कावासियों को न्यौता दिया



**समाचार गेट ब्यूरो**

**इन्द्री।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने इन्द्री हल्के के कमालपुर रोड़ान, राजेपूर, खूखनी, गढ़ी जाटान तथा पूजम, कुडक़ जरीफा व बालू सहित कई गांवों का दौरा कर पांच मई को करनाल में मनाई जाने वाली भगवान परशुराम जंयती में पहुंचनें का न्यौता दिया। इस मौके पर ब्राहण समाज के कई नेता उनके साथ मौजूद रहे। इसी क्रम में गांव गढ़ी जाटान के बारात घर में पहुंचनें पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री विनोद शर्मा का गांव के सरपंच रविन्द्र शर्मा ने अपने साथियों के साथ जोरदार स्वागत किया। उपसथित गांववासियों को संबोधित करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि इस बार भगवान परशुराम जन्मोत्सव करनाल की पुरानी सब्जी मंड़ी में पांच मई को मनाया जा रहा है जिसमें पूरे प्रदेश के लोग शामिल होगें। यह एक सामाजिक कार्यक्रम है जिसका न्यौता देने के लिए मैं आपके बीच आया हूं। उन्होंने कहा कि हमें भगवान परशुराम जी एवं अन्य महापुरूषों के बताए हुए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। हम सब का कर्त्तव्य बनता है कि हम सब आपस में मिलजुल एक दूसरे का दु:ख दर्द बांटकर अपना जीवन जिए ओर एक दूसरे का साथ दें तभी समाज तरक्की कर सकेगा। हर किसी का सम्मान करे ओर जो कोई जुल्म करता है उसके खिलाफ आवाज उठाए। इस मौके पर गांव के सरपंच रविन्द्र शर्मा ने कहा कि पांच मई को करनाल में होने वाले भगवान परशुराम जंयती समारोह में पूरे हलके से हजारों की संख्या में लोग इस कार्यक्रम में शामिल होगें। इस कार्यक्रम को लेकर पूरे प्रदेश में जोश का माहौल है। इस मौके पर पूर्व सरपंच दीनानाथ शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा बड़ौता , मांगे राम शर्मा सरपंच राजेपुर सहित काफी संख्या में गांववासी मौजूद रहे।

# चुनाव ड्यूटी निष्ठापूर्वक निभाएं अधिकारी : एडीसी

**पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों की ट्रेनिंग रही जारी**

**ईवीएम व वीवीपैट की बारीकियों से कराया गया अवगत**




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** स्वीप नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप मलिक ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह तभी संभव है जब बूथ पर मौजूद प्रत्येक अधिकारी अपने कार्य का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करे। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी चुनाव के लिए शारीरिक रूप के साथ-साथ अपने आप को मानसिक रूप से भी तैयार रखें। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव हमारे लिए खुद को बेहतर साबित करने व आत्मसंतुष्टि का सुखद अवसर है। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक बुधवार को सचिवालय के सभागार में पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों को चुनाव की ट्रेनिंग देते हुए कहा कि चुनाव सामग्री को संभालने के बाद पीठासीन अधिकारी अपने बूथ पर जाकर सबसे पहले बूथ का निरीक्षण करना चाहिए। बूथ के अंदर किसी राजनेता की तस्वीर नहीं होनी चाहिए। कोई तस्वीर है तो उसे ढक दें या फिर कहीं और रखवा दें। मतदान केंद्र में ईवीएम मशीन का स्थान खिडक़ी से दूर होना चाहिए। जिससे कि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। यह ध्यान रखे कि प्रत्येक मतदाता ईवीएम का बटन स्वयं दबाए। कोई मतदाता कुछ पूछता है तो उसका जवाब बूथ पर नियुक्त पोलिंग पार्टी के सदस्य दे सकते हैं। मतदाता के साथ कोई दूसरा आदमी ईवीएम के समीप ना जाए। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि पीठासीन अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि मतदान सुबह सात बजे शुरू हो जाना चाहिए। इसलिए अपनी मॉक पोल की प्रक्रिया सुबह 5.30 बजे शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया शाम 6 बजे तक जारी रहेगी। इस समय कुछ मतदाता कतार में लगे हुए हैं तो उनको लाइन में पीछे खड़े मतदाता को पर्ची क्रमांक एक से शुरू कर पहले व्यक्ति तक पर्ची नंबर बांट दें। जिससे कि और आदमी लाइन में लगकर खड़े ना हों। उन्होंने कहा कि बूथ पर जाकर प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट के फार्म पहले दिन ही भरवा लें। इसके लिए फार्म नंबर दस भरा जाएगा। इस मौके पर सभी पीठासीन अधिकारी व सहायक पीठासीन अधिकारियों को निष्पक्षता से मतदान करवाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल, प्रिंसिपल डाईट डा. संजय, नायब तहसीलदार चुनाव राजेन्द्र हुड्डा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# इनेलो से गुरुग्राम लोकसभा के प्रत्याशी होंगे हाजी सौहराब खान



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** कुरुक्षेत्र में नामांकन सभा को सम्बोधित करते हुए चौधरी अभय सिंह चौटाला ने इनेलो के ज़िला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सौहराब खान को गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया। अभय सिंह चौटाला ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से अपना नामांकन दाखिल किया और भारी जनसेलाब उमड़ पड़ा। हरियाणा में इनेलो परिवार में कोंग्रेस, जजपा के सेंकडो लोगों ने इनेलो का दामन थामा और कुरुक्षेत्र में अभय के समर्थन में आँधी ला दी।

गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र का टिकिट घोषित करते हुए अभय चौटाला ने कहा हाजी सौहराब नेक, ईमानदार, जुझारू व बात के सच्चे है मैं खुद इनको चुनाव लड़ा रहा हूँ और मेवात आकार अवाम से हाजी सौहराब खान के पक्ष में अपील करूँगा।

गुरुग्राम लोकसभा के सभी कार्यकर्ताओं को कहा की इस बार हाजी सौहराब के समर्थन में अपना एक एल मिनट लगा दो मैं सम्पूर्ण मेवात व हरियाणा को अलग ही चमका दूँगा। अभय चौटाला ने कहा मेव 7 लाख व जाट 2 लाख व गुर्जर व बहुजन समाज गुरुग्राम को जिताने का काम करेगा।

# 5 मई को नूँह में होने वाली मुख्यमंत्री की विजय संकल्प रैली को लेकर चौधरी ताहिर हुसैन ने दिया निमंत्रण




**भाजपा नेता ताहिर हुसैन ने नूँह विधानसभा के कई गाँवों का दौरा कर रैली के लिए दिया निमंत्रण**

**नूँह विधानसभा की विजय संकल्प रैली होगी ऐतिहासिक, लोगों में भारी जोश व उत्साह है : ताहिर हुसैन**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** 5 मई को अनाज मंडी, नूँह में होने वाली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नूँह विधानसभा की विजय संकल्प रैली का निमंत्रण देने के लिए आज भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के सुपुत्र व युवा भाजपा नेता चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट ने नूँह विधानसभा के गाँव बाई, देवला, अलावलपुर, बाझड़का, रेवासन आदि में पहुँचे। सभी जगह गाँव वासियों ने ताहिर हुसैन का फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। ताहिर हुसैन ने कहा कि आगामी 5 मई को अनाज मंडी, नूँह में होने वाली विजय संकल्प रैली ऐतिहासिक होगी, इसमें प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे तथा अध्यक्षता गुड़गाँव से लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह करेंगे। उन्होंने सभी जगह गाँववासियों से रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचनें की अपील की। ताहिर हुसैन ने बताया कि विजय संकल्प रैली में हजारों लोग इस रैली में शामिल होंगे। नूँह विधानसभा के लोगों में रैली को लेकर भारी जोश व उत्साह है। वे लगातार नूँह विधानसभा के गाँवों में जाकर लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं।

# सैनिक स्कूल रेवाड़ी में भारतीय वायु सेवा का एक्सपो, कैरियर सेमीनार एवं प्रदर्शनी का आयोजन




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** ग्राम गोठड़ा स्थित सैनिक स्कूल रेवाड़ी में मंगलवार भारतीय वायु सेवा के 'दिशा' प्रकोष्ठ (डायरेक्टरेट आफ इंडक्शन एंड सलेक्शन इन हॉलिस्टिक अप्रोच) के तत्वाधान में व्याख्यान और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में वायु सेवा में भाग लेने के लिए उत्साहित युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वायु सेना अधिकारियों द्वारा व्याख्यान एवं वायु सेना प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर रवि बाजिया, स्क्वाड्रन लीडर अक्षित शर्मा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट रविकांत राजीव और फ्लाइंग ऑफिसर कृष्णा नंदन मंडल रैंक के अधिकारियों ने अपने दर्जन भर दल के साथ कैडेटों को प्रोत्साहित किया। उन्होनें वायु सेवा के विविध चयन पहलुओं, योग्यताओं, उपकरणों और तरह-तरह के फाइटर जेट विमान की जानकारी प्रदान दी। दिशा दल के साथ विद्यालय में उपसथित वायु सेवा की तरफ से आई दिशा मोबाइल प्रचार वैन में वायु सेवा से जुड़े विविध क्रियाकलापों से संबंधित गतिविधियों का प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों के द्वारा अवलोकन किया गया। प्रचार वैन में फ्लाइंग सिम्युलेटर और विमान के मॉडल प्रदर्शित किए गए । इस व्याख्यान और प्रदर्शनी उत्सव पर सैनिक स्कूल रेवाड़ी के करीब 450 व स्थानीय भारती इंटरनेशनल स्कूल, बोडिया कमालपुर के लगभग 120 विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस असर पर युवा पीढ़ी को वायुसेना के प्रति प्रोत्साहन देने हेतु तरह-तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें उपसथित छात्र शक्ति को प्रचार सामग्री के रूप में क्लिपबोर्ड, पोस्टर, बैजेज, पुस्तकें, डायरियाँ और पैन आदि उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य ने वायु सेना की दिशा टीम के सदस्यों के शक्ति, कौशल, साहस और प्रयासों की सराहना करते हुए इसे विद्यालय के कैडे्टो के लिए नवीन ऊर्जा व जोश का संचार बताया। इसके साथ ही उन्होंने इस प्रकार की प्रदर्शनी को समय की माँग बताकर सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भारतीय सेनाओं की इस प्रकार की गतिविधियां दृढ़ इच्छा-शक्ति एवं साहसिक कार्यों को करने की भावना जागृत करती हैं। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ एवं प्रशासनिक कर्मचारी गण उपसथित रहे।

# रेवाड़ी में चल रहा दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल संदिग्ध

## डीपीआईएस स्कूल के चेयरमैन ने प्रेसवार्ता कर किया खुलासा



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** दिल्ली पर्बलिक इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डा० विजय पवार जो पहली बार रेवाडी आये, जब उन्हे पता चला की रेवाड़ी में दिल्ली पर्बलिक इंटरनेशनल स्कूल चल रहा है तो उन्हें हैरानी हुई कि जब उन्होंने रेवाड़ी ही नहीं बलिक दक्षिण हरियाणा में अपनी कोई फ्रेंचाइजी दी ही नहीं तो यह स्कूल कैसे चल रहा है।

चेयरमैन डॉ विजय पवार व संस्था के सेकेट्री गौरव ने पत्रकारवार्ता कर बताया कि रेवाडी में बहुत लम्बे समय से उनके नाम दिल्ली पर्बलिक इंटनेशनल स्कूल के नाम से एक स्कूल चल रहा है। उन्होंने बताया कि उसके बाद हमने इस संदिग्ध स्कूल के मालिक नित्यानन्द यादव व ब्रिजेश यादव से व्यकितगत तौर पर बात की तब ये पता लगा की वो स्कूल अवैध रूप से उसका नाम उपयोग में ले रहा है। किसी व्यक्ति ने एक फर्जी कम्पनी बनाई गई जिसका नाम दिल्ली पब्लिक स्कूल प्रा० लि० है। जो कम्पनी पहले से माननीय दिल्ली हाई कोर्ट ने बंद करा दी है। जिसके डायरेक्टर का नाम सोरभ दत्ता ओर नाम बदल कर दीपक कुमार पाल किया गया है। रेवाड़ी स्कूल संचालकों ने दीपक पाल आदि के साथ एग्रीमेन्ट किया और रेवाडी के आम लोगो के साथ धोखा घडी की, जबकि माननीय दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा 2016 और 2023 में ऑर्डर पास किया हुआ है कि सौरभ दत्ता उर्फ दीपक कुमार पाल दिल्ली पर्बलिक इंटनेशनल स्कूल इस नाम का प्रयोग नहीं कर सकता है और जो कम्पनी पहले ही सकार द्वारा बंद की गई है। वह कंपनी आज भी रेवाडी की जनता के साथ खुले आम धोखा घडी कर रही है। उन्होंने बताया कि पिछले एक महिने से दिल्ली पर्बलिक इंटनेशनल स्कूल के असल मालिक डा० विजय पवार को खुली चुनोती दी जा रही है। जबकि उनको पता है की वो एक फर्जी स्कूल चला रहे है। और तनाशाही करते हुये कहते है की हम एक वर्ष ओर इसी स्कूल को ऐसे ही चलाएंगे।

उन्होंने मीडिया के माध्यम से आम जनता से अपील की है कि हमारी रेवाड़ी जिले में दिल्ली पर्बलिक इंटरनेशनल स्कूल की कोई ब्रांच या फेंचाइजी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की धोखाधड़ी के लिए हमारे पैनल एडवोकेट शीघ्र ही स्कूल व फर्जी कंपनी को नोटिस भेजेंगे व जो भी उचित कानूनी कार्यवाही होगी वह करेंगे। जब मीडिया ने रेवाड़ी के एक गांव में चल रहे दिल्ली पर्बलिक इंटरनेशनल स्कूल के संचालकों नित्यानंद व बृजेश से बात की तो उन्होंने कहा कि हम लगभग 14 वर्षों से यह स्कूल चला रहे हैं। ये अगर असल मालिक हैं तो अपने दस्तावेज पेश करें। इन्होंने हमे ऐसा कोई दस्तावेज नहीं दिखाया जिस से यह साबित हो कि यही लोग असल मालिक हैं। हमने आरटीजीएस के माध्यम से फ्रेंचाइजी फीस अदा कर रखी है। इधर दिल्ली पर्बलिक इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ विजय पवार ने मीडिया को अपने मालिक होने व सौरभ दत्ता उर्फ दीपक पाल के स्कूल के नाम पर कोर्ट द्वारा खारिज किए हुए दस्तावेज सौंपे।

# मॉडल टाउन निवासी अरुण गुप्ता ने कंप्यूटर में की डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** डॉक्टर अरुण गुप्ता ने क्लाउड कंप्यूटिंग पर शोध किया और 4 साल के समय में अपने शोध को खत्म कर आज डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। डॉक्टर अरुण गुप्ता ने अपने गाइड डॉक्टर अनूप शर्मा और सिंघानिया यूनिवर्सिटी के सभी स्टाफ के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया है। अरुण गुप्ता पहले से डबल बैचलर और डबल मास्टर हैं और उनके पास एलएलबी की डिग्री भी है। अरुण गुप्ता, रेवाड़ी की कई संस्थाओं से जुड़े हुए हैं और समय-समय पर समाज कल्याण के कार्यों में भी लगन रहते हैं। रोटरी क्लब ऑफ़ रेवाड़ी मेंन के पूर्व प्रधान रह चुके हैं और अरुण गुप्ता समाज सेवा के लिए जिला पुरस्कार और हरियाणा के मुख्यमंत्री पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके हैं। अरुण गुप्ता ने बताया कि वो अपने इस कामयाब का श्रेय अपने पिता श्री कृष्ण कुमार गुप्ता, अपनी पत्नी ज्योति गुप्ता, बच्चों कुश, कुशल और अपने परिवार के सभी सदसियों और दोस्तों को देते हैं जिनके साथ के बिना ये उपलर्बध हासिल करना नामुकिन था। इस अवसर पर अनेक संस्थाओं ने जैसे रोटरी क्लब ऑफ रेवाडी मेंन, अग्रवाल सभा, वैश्य समाज, भारत विकास परिषद, सड़क सुरक्षा संगठन, माइल्स टू एजुकेट सोसायटी, टीम आर4, ज्ञानवृक्ष मीरपुर, लक्षित कैरियर इंस्टीट्यूट आदि ने अपनी बधाई संदेश भेजे हैं और डॉक्टर अरुण गुप्ता के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# स्वतंत्रता सेनानी आरडी सोमाणी की जयंती पर हुई खेल प्रतियोगिताएं



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी के गढ़ी बोलनी रोड़ सथित सोमाणी कालेज में स्वतंत्रता सेनानी आरडी सोमाणी की जयंती की पूर्व संध्या पर टेक फेस्ट कार्यक्रम समर्पण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बैडमिंटन, वॉलीबॉल, दौड़ आदि खेल प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर इंजीनियर उमेश सरोज ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर गवर्नमेंट पॉलिटेक्निकल झज्जर शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर के की गई।

कार्यक्रम में प्रथम विजेता को गोल्ड मेडल व 1100 रुपए की नगद पुरस्कार राशि व द्वितीय विजेता को सिल्वर मेडल व नगद प्रोत्साहन राशि तथा तृतीय विजेता खिलाड़ी को ब्राउन मेडल में नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए हुए मेहमानों को पटका पहनाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

विभिन्न स्पर्धाओ के विजेता इस प्रकार रहे, 100 मीटर दौड़ लड़कियों की जिसमें प्रथम रितिका, सेकंड मानसी, थर्ड मोना रही। 200 मीटर दौड़ लड़कों में प्रथम रोहित, सेकंड शशिकांत, 400 मीटर दौड़ में प्रथम नितिन, द्वितीय राजू, तृतीय प्रवीण, 800 मीटर दौड़ में पंकज, सेकंड रुपेस, थर्ड ललित, बैडमिंटन में प्रथम अमन, विपिन सेकंड निकुंज कार्तिक, वॉलीबॉल फाइनल में कप्तानआदित्य, रविंद्र रहे। खेलों का कुशल संचालन कोच जयपाल वॉलीबॉल, यतेंद्र एथलेटिक्स, हैप्पी राव बैडमिंटन ने किया। इस अवसर पर संस्था के फाउंडर प्रेसिडेंट जननेता विजय सोमाणी ने कहा कि इस संस्था की नींव सन 1999 में रखी गई थी इस संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों के अच्छे संस्कार का विकास करना ताकि समाज और देश का भला होगा।

इस संस्था में 19 राज्यों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। यहां के उत्तीर्ण विद्यार्थी आज देश की पार्लियामेंट राष्ट्रपति भवन में विभिन्न संस्थाओं में सेवा दे रहे हैं। उमेश सरोज ने कहा कि शिक्षा बहुत अनिवार्य है, शिक्षा जीवन को प्रतिष्ठ प्रतिकृष्ट करती है। उन्होंने शिक्षा का मूल मंत्र एचएचएच हार्ट, हेल्थ व हैंड का महत्व बताया। मैनेजमेंट की तरफ से एडवोकेट परिवर्तन सोमाणी ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया। मंच का कुशल संचालन प्रोफेसर दीपिका शिवन ने किया।

इस अवसर पर अशोक सोमाणी, एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट विशाल सोमाणी, स्वामी सुखानंद जी महाराज, प्रो अजय सपडा प्रिंसिपल जगदीश, रूपचंद, सावंत सिंह, डॉक्टर सर्वजीत थापर एसएमओ नारनौल, डॉ विजय यादव सीएमओ नारनौल, एडवोकेट अमित यादव, चंद्र मोहन गुप्ता सुरेंद्र फौजी गायक, महाराज बलराम दास, एसके शर्मा प्रिंसिपल जैन स्कूल, कॉलेज का स्टाफ एवं स्टूडेंट उपसथित रहे।

# सी-विजिल बन रही चुनाव आयोग की तीसरी आँख

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेन्द्र खडग़टा ने कहा कि जिला में लोकसभा आम चुनाव और विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। चुनाव के दौरान लागू आदर्श आचार संहित का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। आयोग द्वारा विकसित सी-विजिल मोबाइल एप भी चुनावों के दौरान आयोग के लिए तीसरी आँख का काम कर रही है। सी-विजिल के माध्यम से जिले में अब तक 46 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नागरिकों द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। ज्यों ही उन्हें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी मिलती है, त्यों ही वे चुनाव आयोग को अपनी शिकायतें भेजते हैं। इन शिकायतों का 100 मिनट के अंदर समाधान किया जाता है। आमजन 'सी-विजिल' मोबाइल एप के माध्यम से सिस्टम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं, यह गौरव की बात है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि चुनावों को निष्पक्ष, स्वच्छ और पारदर्शी बनाने में नागरिक अपना सहयोग करें। इस सी-विजिल एप को गूगल प्ले स्टोर से एंड्राइड फोन तथा एप स्टोर से आई फोन पर डाउनलोड कर सकते हैं। आमजन फोटो खींच सकते हैं या दो मिनट की वीडियो भी रिकॉर्ड करके इस एप पर अपलोड कर सकते हैं। वह फोटो और वीडियो जीपीएस लोकेशन के साथ एप पर अपलोड हो जाएगी। शिकायत दर्ज करने के 100 मिनटों में शिकायत का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फलाइंग स्क्वाड, स्टेटिक सर्विलेंस टीमों की लाइव जानकारी रहती है और सी-विजिल एप पर जिस स्थान से शिकायत प्राप्त होती है तो निकट टीमें तुरंत वहां पहुंचेंगी।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# रानचे ने मतदाता जागरूकता अभियान 2024 की शुरुआत की : सोमाणी



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** 1मई को खोल हाउस स्थित राष्ट्रीय नवचेतना मंच कार्यालय में महिला विंग ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र को प्रथम रूप से चुना है। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष में शिकागो मजदूर आंदोलन में शहीद हुए मजदूरों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। उपरोक्त कार्यक्रम में रानचे मंच अध्यक्ष, गढी बोलनी जैल प्रभारी धर्मेंद्र बैरियावास, खोल हाउस प्रभारी श्रीमती गीता देवी व आज के कार्यक्रम के अध्यक्षा पूनम खालेटा ने स्वतंत्रता सेनानी आर डी सोमाणी जी को श्रद्धांजलि के उपरांत एक दर्जन महिलाओं को समाज में विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा के लिए राष्ट्रीय नवचेतना मंच द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। श्री सोमाणी ने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम गुरुग्राम लोकसभा के नौ विधानसभा क्षेत्र में आज से शुरुआत कर 25 मई तक चलाया जाएगा, जिसमें मतदाताओं से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बताया जाएगा और किस कैंडिडेट के पक्ष में मतदान करना चाहिए ऐसा भी बताया जाएगा और इलाके के विशेष मुद्दे जैसे एस वाई एल लिंक नहर, एम्स निर्माण के बारे में, हाई कोर्ट की बेंच की स्थापना के बारे में भी मतदाताओं से चर्चा होगी वह उन्हें जागरूक किया जाएगा, जिससे मतदाता अपने सांसद के चुनाव में अपने उम्मीदवारों से सवाल जवाब कर सके। इस मौके पर ज्योति, संगीता, निशा, कंचन, प्रीति, पिंकी, सरोज, आदि की गौरवमय उपस्थिति रही।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी शशांक कुमार सावन ने बुधवार को अपने कार्यालय में पर्यवेक्षण अधिकारी व कार्यालय के संबंधित अधिकारियों की मीटिंग लेकर लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में पुलिस की सतर्कता ही असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगा सकती है। सभी मतदान केंद्रों का दौरा कर निरीक्षण करें और संसाधनों की जांच कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का जायजा ले। जिसमें पानी, बिजली, मतदान कर्मियों के सुविधा एवं सुरक्षाकर्मियों के रहने की व्यवस्था आदि शामिल हो। खामियां मिलने पर संबंधित विभाग से पत्राचार कर खामियों को दुरुस्त कराएं। इसके अलावा रूट चार्ट, बूथ का कम्युनिकेशन प्लान का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए। सभी चुनाव आयोग के निर्देशों की दृढ़ता से पालना करें तथा मांगे गए जबाव को निर्धारित समय अवधि में संबंधित अधिकारियों को भेजना सुनिश्चित करें। चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थ तस्करी, शराब के खुर्दे, अवैध हथियार तस्करी की वारदातों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। सभी थाना प्रभारी, सीआईए युनिट व चौकी इंचार्ज अपने क्षेत्र में गश्त करते हुए संदिग्ध पर नजर रखें। मीटिंग में डीएसपी हेडक्वार्टर श्री पवन कुमार, सुरक्षा शाखा इंचार्ज निरीक्षक सुरेश कुमार, रीडर एएसआई तेजपाल व सेना लिपिक एएसआई अरुण कुमार मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज गोयल को मिली अहम जिम्मेदारी




**दिल्ली में संचालित होने वाली कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथयात्रा का बनाया संयोजक।**

**पूरी दिल्ली में करेंगे यात्रा संचालन।**

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं आम सभा अग्रोहा शक्तिपीठ में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि हरियाणा कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता एवं मंदिर निर्माण समिति के मुख्य संरक्षक डॉ. एस.एस. अग्रवाल रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने गुड़ियानी निवासी राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज गोयल गुडियानिया को दिल्ली में संचालित होने वाली कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथयात्रा का संयोजक बना, पूरी दिल्ली में यात्रा संचालन की जिम्मेदारी सौंपी। यात्रा का सह संयोजक दिल्ली से राजकुमार जैन को बनाया गया है। अग्रोहा स्थित शक्तिपीठ में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने मनोज गोयल को मध्य प्रदेश एवम हरियाणा में रथ यात्रा के कुशल संचालन के लिए कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी मैया का प्रतीकात्मक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। मनोज गोयल ने केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे बखूबी निभायेंगे। पहले भी रथयात्रा का संचालन विभिन्न प्रदेशों में समय समय पर किया है। दिल्ली प्रदेश में भी इस अहम जिम्मेदारी को पूरा करेंगे। इसके लिए अतिशीघ्र दिल्ली में बैठकों का दौर शुरू कर यात्रा का रूट निर्धारित करेंगे। उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। रेवाड़ी के वरिष्ठ समाजसेवी अजय मित्तल, राकेश गर्ग, पार्षद राजेंद्र सिंघल, मंडी प्रधान राधेश्याम मित्तल, जगमोहन अग्रवाल, डॉ संजय अग्रवाल, डॉ पीसी सिंगला, डॉ घनश्याम मित्तल, सीए केसरीनंदन अग्रवाल, अजय ऐरन, नितिन गोयल, एडवोकेट नीतेश अग्रवाल, मोहित जैन, ललित भूषण गुप्ता, मुकेश महाजन, नीरज गर्ग, आलोक सिंघल, पार्षद दीपक पाल्हवासिया, कोसली से बसंत लोहिया, नवीन गोयल, विपिन सिंघल, बावल से अवधेश गर्ग, धारूहेड़ा से मंगल अग्रवाल, संजय कंसल, देवेंद्र बंसल, गुड़ियानी से हरीश बंसल, रविंद्र बंसल, विपिन गोयल, सुरेश नंबरदार, बेरली से दीपक मित्तल, डहीना से विजय गर्ग आदि गणमान्य लोगों ने मनोज गोयल को बधाई दी। साथ ही केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

# कुमारी सैलजा ने सिरसा लोकसभा सीट से किया नामांकन पत्र दाखिल

## जाति और धर्म के नाम पर देश को कोई बांट नहीं सकता



**समाचार गेट ब्यूरो**

**सिरसा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की प्रत्याशी कुमारी सैलजा कुमारी सैलजा ने बुधवार को सिरसा लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वे गोल डिग्गी चौक स्थित कांग्रेस भवन से वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और समर्थकों-कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ वे लघु सचिवालय पहुंची। जहां पर रिटर्निंग ऑफिसर को अपना नामांकन पत्र जमा करवाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए कुमारी सैलजा के काफिले में शामिल होकर अपना उत्साह दिखाया। इससे पहले दो आजाद उम्मीदवारों ने अपना नामांकन भरा हुआ है। अब 6 मई तक कई और नामांकन भरे जाएंगे। बीजेपी, जजपा, इनेलो व बसपा के प्रत्याशियों ने अब तक अपना नामांकन नहीं भरा है। पार्टियों की तरफ से नामांकन भरने वालों में कुमारी सैलजा ने पहला नामांकन भरा है। इस अवसर पर सिरसा के अलावा फतेहाबाद के कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

कुमारी सैलजा सबसे पहले कांग्रेस भवन में पहुंची जहां पर उनके कार्यकर्ता पहले से ही मौजूद थे। कांग्रेस भवन के सभी ओर और सभी मार्गों पर वाहनों की कतारें लगी हुई थी। जहां से काफिल के साथ वे लघु सचिवालय पहुंची और अपना नामांकन पत्र दाखिल करवाया। कांग्रेस भवन से लघु सचिवालय तक सड़को के दोनों और उनके समर्थक खड़े हुए थे उनका स्वागत किया तो सैलजा ने भी हाथ जोडकर उनका अभिवादन किया। नामाकंन पत्र दाखिल करने के बाद कुमारी सैलजा जिला कोर्ट में पहुंची जहां पर वकीलों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान वकीलों को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। इसके लिए वकीलों के सहयोग की विशेष रूप से जरूरत है। उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि चुनावों के बाद जब आपके बीच आऊं तो बतौर सांसद आऊं। आने वाला समय लोगों का हो इसके लिए सभी के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत की विभिन्नताओं में एकता है। ऐसे में कोई जाति व धर्म के नाम पर देश को बांटने का प्रयास करे तो देश बंट नहीं सकता। उन्होंने कहा कि मुझे सिरसा संसदीय क्षेत्र के लोगों का पहले भी पूरा आशीर्वाद मिलता रहा है और इस बार भी मिल रहा है। कुमारी सैलजा ने वकीलों को संबोधित करते हुए कहा कि वकील लोगों को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ते है और हम भी जो देश के हालात बने हुए है ऐसे में लोगों को न्याय दिलाने के लिए लड़ रहे है।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वकीलों का आजादी की लड़ाई में बड़ा योगदान रहा है, आजादी के बाद भी वकीलों ने राजनीति में आ कर भी सेवा की है। उन्होंने कहा कि हम वकीलों से आग्रह करने आए हैं कि इस चुनाव में वे हमारा साथ दें। इससे पहले पूर्व मंत्री एवं तोशाम की विधायक किरण चौधरी ने कहा कि आज जो देश में हो रहा है वो सबके सामने है।

उन्होंने कहा कि सिरसा निवासियों ने कुमारी सैलजा को पहले भी आशीर्वाद दिया है और अब भी मुझे उम्मीद है कि लोगों का पूरा आशीर्वाद कुमारी सैलजा को मिलेगा। जितना मांगा उससे अधिक दिया है। आने वाला समय कुमारी सैलजा का है। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व सांसद श्रुति चौधरी, पूर्व उप मुख्यमंत्री चंद्रमोहन बिश्नोई, विधायक अमित सिहाग, विधायक शीशपाल केहरवाला आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर, विधायक प्रदीप चौधरी, विधायक शैली चौधरी, विधायक रेणुबाला, पूर्व सांसद चरनजीत सिंह रोड़ी, डॉ. सुशील इंदौरा, पूर्व उप स्पीकर अकरम खान, पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा, राजपाल भूखड़ी, डॉ. के वी सिंह, हॉल ही में कांग्रेस में शामिल हुए जजपा के प्रदेशाध्यक्ष रहे सरदार निशान सिंह, पूर्व वित्तमंत्री परमवीर सिंह, पूर्व वित्त मंत्री प्रो. संपत सिंह आदि मौजूद थे।

**पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह ने समर्थकों सहित थामा कांग्रेस का हाथ**

गुहला चीका के जेजेपी विधायक ईश्वर सिंह के बेटे हरियाणा डेयरी डेवलपमेंट कोऑपरेटिव फेडरेशन के पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह बुधवार को अपने समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने पर उनका स्वागत करते हुए सैलजा ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान देती है। उन्होंने कहा कि रणधीर सिंह और उनके साथियों को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा।

**कुमारी सैलजा करेंगी ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र का दौरा**

सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी (इंडिया गठबंधन) कुमारी सैलजा दो मई को ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यकर्मों में शामिल होंगी। वे सुबह 10.30 बजे गांव अरनियांवाली से दौरा शुरू करेंगी। इसके बाद वे रंधावा, नाथुसरी, शाहपुरियां, शक्कर मंदौरी, चाहरवाला, जोगीवाला, रामपुर बगडिया, कागदाना, कुम्हारिया, हंजीरा, बरासरी, जमाल, ढुकडा और गुडिय़ा खेड़ा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

